संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

08 सितंबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 342

Email-santalexpress20@gmail.com

# संताल एक्सप्रेस

**अतीत** में फंसना और **भविष्य** की चिंता करना, दोनों ही **वर्तमान** को खोखला कर देते हैं। - ओशो

# जेएसएससी - सीजीएल नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर जेएसएससी - सीजीएल (विज्ञापन संख्या 10 /2023) से नियुक्त कर्मियों को हटाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली निरोज एवं अन्य (245 कर्मियों) की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से जुड़ी नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में सरकार और जेएसएससी से 15 सितंबर तक जवाब मांगा है।

प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता दीपांकर एवं अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा। प्रार्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा नियुक्ति को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती दी गई है।

उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में मिले तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिसमें टीडीपीएल शामिल रहा है। इसके अलावा वर्ष 2014 से हुई सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितता के मद्देनजर जांच कराने की घोषणा भी की गयी थी।

इन घोषणाओं के मद्देनजर कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने परीक्ष रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से संबंधित अधिसूचना जारी की है। इसमें 22 परीक्षाओं को रद्द करने, 06 की प्रक्रिया को स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

## सिविल जज परीक्षा रद्द करने के आदेश पर रोक से हाईकोर्ट का इनकार, सरकार और जेपीएससी से जवाब तलब

**रांची ।** झारखंड सरकार की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं पर झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार करते हुए राज्य सरकार और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी। याचिकाकर्ताओं ने सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा (विज्ञापन संख्या 22/2023) की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश को चुनौती दी है। आदित्य भास्कर एवं आयुष कुमार वर्मा की ओर से याचिकाएं दाखिल की गई हैं। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार, एके कश्यप, अभय आनंद और सोनल ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि उक्त परीक्षा टीडीपीएल की ओर से नहीं ली गई थी। इसलिए इसमें अनियमितता की आशंका नहीं है और परीक्षा प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगाई जानी चाहिए। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय तथा जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि सीआईडी से मिले तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिनमें टीडीपीएल शामिल रहा है। इसके अलावा वर्ष 2014 से हुई नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने की भी घोषणा की गई थी। इन घोषणाओं के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने परीक्षा रद्द करने, प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से संबंधित अधिसूचना जारी की। इसमें 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में रखने का उल्लेख है।

## अवैध निर्माण पर दुमका डीसी को कार्रवाई का आदेश

**रांची ।** जरमुंडी मौजा में जमीन पर कथित अतिक्रमण और निर्माण मामले में अमर मंडल एवं अन्य प्रतिवादियों को उच्च न्यायालय से झटका लगा है। झारखंड उच्च न्यायालय ने दुमका जिले के जरमुंडी मौजा में जमीन पर कथित अतिक्रमण और निर्माण से जुड़ी शिकायत पर उपायुक्त, दुमका को कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उपायुक्त को शिकायत पर कार्रवाई के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में हुई। याचिकाकर्ता राज कुमार श्रीवास्तव ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि जरमुंडी मौजा स्थित कुल 02 एकड़ 11 डिसमिल जमीन, जिस पर उनका कब्जा है, पर प्रतिवादियों अमर मंडल एवं अन्य की ओर से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि संबंधित जमीन पर निर्माण की जानकारी सक्षम अधिकारियों को दी गई थी। जरमुंडी के अंचल अधिकारी ने भी थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद निर्माण की शिकायत बनी हुई है। यह भी बताया गया कि दुमका के उपायुक्त को भी कथित अवैध निर्माण की जानकारी दी गई है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता की शिकायत पहले ही संबंधित अधिकारियों, जिसमें उपायुक्त, दुमका भी शामिल हैं, के संज्ञान में लाई जा चुकी है। उच्च न्यायालय ने याचिका निष्पादित करते हुए उपायुक्त को निर्देश दिया कि आदेश की प्रति प्राप्त होने या प्रस्तुत किए जाने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर कानून के अनुरूप याचिकाकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले में अमर मंडल की याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अमर मंडल के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति दे दी है। मंडल ने एक ट्रक अवैध कोयले की ढुलाई के आपराधिक मामले में बरी होने के आधार पर ईडी की कार्रवाई को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल में मृतकों की संख्या 1,355 पहुंची, 5,000 लोग अब भी लापता

**काठमांडू ।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या 1,355 पहुंच गई है। अभी भी जारी खोज, बचाव और राहत अभियान के बीच करीब 5,000 लोग अब भी लापता या लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बरामद अवशेषों में मानव शरीर के विभिन्न अंग भी शामिल हैं। अब तक 98 शवों की पहचान कर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राधिकरण की प्रवक्ता शांति महत ने बताया कि रसुवा से 169, नुवाकोट से 197, धादिङ से 70, गोरखा से 75, तनहूं से 38, चितवन से 363, नवलपरासी पूर्व से 222 और नवलपरासी पश्चिम से 221 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के बाद करीब 4,996 लोगों के लापता होने या उनका पता नहीं चल पाने की सूचना है।

### झारखंड में 13 सितंबर तक बारिश-वज्रपात का येलो अलर्ट

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची सहित कई जिलों में पिछले दो-तीन दिनों से जारी गर्मी और उमस के बीच सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। दोपहर में हुई जोरदार बारिश से रांची के कई इलाकों में जलजमाव हो गया। कई सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ इलाकों में भारी बारिश भी हो सकती है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 112.4 मिलीमीटर बारिश गिरिडीह जिले के पीरटांड़ में दर्ज की गई।

# दुमका में 1.37 करोड़ के बकरी पालन घोटाले में नया मोड़, फॉर्च्यूनर कार ने बढ़ाई मामले की सरगर्मी

## डॉ. अंजुला मुर्मू और आरोपी विनोद सिंह के कार की चाबी सौंपते और जश्न मनाते वीडियो से उठे कई गंभीर सवाल

**ब्यूरो**

**दुमका।** रीयल वर्ल्ड एसेट्स की बकरी पालन योजना में हुए 1.37 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में अब एक नया और दिलचस्प मोड़ आ गया है। इस पूरे विवाद के केंद्र में अब एक चमचमाती फॉर्च्यूनर कार आ गई है, जिसने पुलिस और स्थानीय लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

यह मामला तब सुर्खियों में आया था जब सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजुला मुर्मू ने विनोद सिंह सहित सात लोगों पर धोखाधड़ी की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके कुछ ही दिनों बाद सुष्मिता सोरेन ने भी डॉ. अंजुला समेत दस लोगों पर जवाबी केस कर दिया। लेकिन



इन कानूनी उलझनों के बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए कुछ वीडियो ने एक नई बहस छेड़ दी है।

वायरल वीडियो में आरोपी विनोद सिंह, डॉ. अंजुला मुर्मू को नई फॉर्च्यूनर कार की चाबी सौंपते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दोनों केक काटकर जश्न मनाते और शोरूम से कार बाहर निकालते हुए भी दिख रहे हैं। कार मिलने की खुशी में एक होटल में शानदार पार्टी आयोजित किए जाने और डॉ. अंजुला का माला पहनाकर स्वागत किए जाने की भी तस्वीरें सामने आई हैं।

हालांकि, डॉ. अंजुला मुर्मू और उनके पति आर्थिक रूप से संपन्न हैं, इसलिए उनके लिए कार खरीदना कोई असामान्य बात नहीं है। लेकिन इस पूरे विवाद में कंपनी और कार के कनेक्शन ने मामले को उलझा दिया है। दावों के अनुसार, डॉ. अंजुला ने कार का डाउन पेमेंट किया था और आरडब्ल्यूए कंपनी ने मासिक ईएमआई भरने का वादा किया था। चर्चा है कि कंपनी ने दो महीने तक ईएमआई का भुगतान भी किया, लेकिन 13 अगस्त को यह कंपनी अचानक गायब हो गई।

डॉ. अंजुला ने ऑफ द रिकॉर्ड इसे अपनी छवि खराब करने की साजिश बताया है और फिलहाल कैमरे के सामने चुप्पी साधे हुए हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कार कोई इनाम थी या निजी खरीद? कार असल में किसके नाम पर है और ईएमआई भुगतान का स्रोत क्या था? फिलहाल इन सभी सवालों के जवाब पुलिस की गहन जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे, लेकिन तब तक दुमका में यह फॉर्च्यूनर कार चर्चा का सबसे बड़ा विषय बनी हुई है।

## गुवाहाटी : पत्नी का सिर काटकर फ्रिज में रखा, हाथों की उंगलियां भी काटी





**एजेंसी**

**गुवाहाटी ।** असम के गुवाहाटी से एक युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पत्नी का सिर धड़ से अलग करके फ्रिज में रख दिया और उसके दोनों हाथों की उंगलियां भी काट दीं।

मामले का खुलासा रविवार को तब हुआ था जब, वह बॉडी कुत्ते को खिलाने की तैयारी में था, लेकिन तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली। पुलिस फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसी तो 25 साल की रिया तालुकदार का धड़ मिला।

हत्या के बाद से ही आरोपी रामानुजन गोस्वामी फरार था, जिसे सोमवार सुबह अरेस्ट कर लिया गया।

रिया और रामानुजन की शादी करीब 6 महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में किराए से रह रहे थे। रिया फैंसी बाजार के एसी मार्केट इलाके में स्थित एक बुटीक में काम करती थी। उसके परिवार में केवल एक भाई है। वहीं, रामानुजन कैब चलाता था।

## बराकर नदी में बेटे श्रेयश ने दिवंगत पिता सुदिव्य सोनू की अस्थियों का किया विसर्जन



**संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के निधन के बाद सोमवार को उनके पुत्र श्रेयश ने बराकर नदी में अपने पिता की अस्थियों का विसर्जन किया। पूरे विधि-विधान और भावुक माहौल के बीच श्रेयश ने अपने पिता को अंतिम विदाई दी। अस्थि विसर्जन के दौरान परिवार के करीबी सदस्य और शुभचिंतक भी मौजूद रहे। इस दौरान माहौल पूरी तरह गमगीन रहा। पिता की अस्थियों को नदी में प्रवाहित करते समय श्रेयश भी भावुक नजर आए।

इस दौरान मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से गिरिडीह समेत पूरे झारखंड में शोक की लहर है. रविवार को उनके निधन के बाद अंतिम संस्कार उनके गृह क्षेत्र गिरिडीह में किया गया था। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए और नम आंखों से उन्हें विदाई दी। सोमवार को बराकर नदी में अस्थि विसर्जन के साथ सुदिव्य कुमार सोनू के अंतिम संस्कार की धार्मिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ।

# रांची के कोकर समेत देश के सात ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## टीएमसी सांसद मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़ा मामला

**संवाददाता**

**रांची ।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को देश के सात राज्यों में एक साथ छापेमारी की। रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली और कोलकाता समेत सात स्थानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक परिसर को भी तलाशी के दायरे में शामिल किया गया है। छापेमारी का मुख्य केंद्र कोलकाता बताया जा रहा है। ईडी की यह कार्रवाई सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले कथित कंटेंट के प्रकाशन, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और सौदों के जरिए कथित



फंडिंग से जुड़ी शिकायतों के सिलसिले में की जा रही है। मामला 'अखबार-ए-मशरिक प्राइवेट लिमिटेड' के उर्दू दैनिक में प्रकाशित कुछ सामग्री और अखबार में किए गए कथित निवेश से संबंधित है। ईडी ने विधाननगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद ईडी ने कोलकाता, दिल्ली और रांची में कुल सात ठिकानों पर तलाशी शुरू की। रांची में कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'अखबार-ए-मशरिक' के कार्यालय में ईडी की टीम दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

## डॉक्टरों पर हमला करने वाले नेताओं को तुरंत हिरासत में लो : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों पर लगातार बढ़ते हमलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ा निर्देश देकर कहा कि डॉक्टरों के साथ मारपीट करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं को तुरंत हिरासत में लें और उन्हें खुले में घूमने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। यह सख्त टिप्पणी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे की याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। शीर्ष न्यायालय कल्याण के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टरों पर हुए हमले के मामले में म्हात्रे की जमानत शर्तों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि, उनके वकील मुकुल रोहतगी ने बाद में अपनी याचिका वापस ले ली। महाराष्ट्र सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया कि उसने म्हात्रे की जमानत रद्द करने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को तय की गई है, जिसके लिए अदालत ने नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ठीक एक दिन पहले, पालघर जिले में भी एक अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की घटना सामने आई थी। आरोप है कि दही हांडी उत्सव के दौरान घायल एक व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी देने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के कुछ पदाधिकारियों ने अस्पताल में हंगामा कर मारपीट की। सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति को अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट को थप्पड़ मारते हुए भी देखा गया, जब रिसेप्शनिस्ट ने बीच-बचाव की कोशिश की थी। इस मामले में पालघर पुलिस ने कम से कम 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसमें शिंदे गुट के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

# दुमका में बीता था सोनू का बचपन दोस्तों के दिल में रह गई यादें

## विधायक-मंत्री बनने के बाद भी नहीं बदला व्यवहार

**डॉ.सुमन सिंह**

**दुमका।** राजनीति के शिखर तक पहुंचने के बाद अक्सर लोगों के जीवन में बदलाव आ जाता है। पद, प्रतिष्ठा और व्यस्तताएं रिश्तों और पुराने परिचयों के बीच दीवार खड़ी कर देती हैं। लेकिन दिवंगत शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उन लोगों में थे, जिनके लिए बचपन की दोस्ती और पुरानी यादों की अहमियत आखिरी सांस तक बनी रही। दुमका से उनका रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि उनके बचपन और स्कूली जीवन की स्मृतियों से भी गहराई से जुड़ा रहा। सुदिव्य कुमार सोनू के बचपन के कुछ वर्ष दुमका में बीते। उनके पिता शम्भू नाथ शर्मा पीएचइडी में कार्यपालक अभियंता थे। अविभाजित बिहार के अलग-अलग जिलों में उनकी पदस्थापना रही। इसी क्रम में करीब तीन वर्षों तक वे दुमका में पदस्थापित रहे। उस दौरान पूरा परिवार दुमका के खूंटाबांध स्थित पीएचइडी विभाग के सरकारी क्वार्टर में रहता था।

सुदिव्य सोनू की स्कूली शिक्षा दुमका शहर के बाल भारती और जिला स्कूल में हुई। स्कूल में विनोद कुमार लाल और सुनील कोठरीवाल उनके सहपाठी रहे। स्कूल के दिनों में बनी दोस्ती समय के साथ और गहरी होती गई।बाद में सुदिव्य सोनू विधायक और फिर मंत्री बने। राजनीतिक जीवन में उनकी व्यस्तताएं बढ़ती गईं, लेकिन पुराने दोस्तों के साथ उनका रिश्ता कभी कमजोर नहीं पड़ा। विनोद लाल और सुनील कोठरीवाल के अनुसार, पद और कद बढ़ने के बावजूद सोनू के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। वे आज भी पुराने दोस्तों से उसी सहजता और आत्मीयता से मिलते थे, जैसे स्कूल के दिनों में मिला करते थे।

वर्ष 2008 में जब गुरुजी शिबू सोरेन दुमका केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, तब सुदिव्य सोनू का दुमका आना-जाना काफी बढ़ गया था। गुरुजी के बरी होने तक वे लंबे समय तक दुमका में कैंप करते रहे। इस दौरान राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ उनके पुराने दोस्तों से मिलने-जुलने का सिलसिला भी लगातार बना रहा।

पुराने साथी बताते हैं कि दुमका आने पर सोनू अपने स्कूल के दिनों को कभी नहीं भूलते थे। दोस्तों के घर जाना, बैठकर पुरानी बातें करना और हंसी-मजाक करना उनके स्वभाव का हिस्सा था।

वर्ष 2020 के दुमका विधानसभा उपचुनाव के दौरान भी सुदिव्य कुमार सोनू अपने पुराने मित्रों के घर पहुंचे थे। शेष पेज 2 पर....

## अलविदा सुदिव्य सोनू, आप हमेशा याद आएंगे

स्मृति शेष



सुदिव्य कुमार सोनू

**चंदन मिश्र**

झारखंड की राजनीति में कुछ ही लोगों ने बहुत कम समय में अपने काम के जरिए विशिष्ट नाम हासिल किया है, उनमें से सुद्धिव्य कुमार सोनू का भी एक नाम दर्ज हो गया है। धीरे - धीरे ही सही किंतु एक नपी तुली और सधी चाल में आज की खुरदरी राजनीतिक जमीन पर एक मजबूत मुकाम हासिल करना आसान नहीं होता है। 2019 के विधानसभा चुनाव के पहले जिस शख्सियत का चेहरा और नाम नेपथ्य में था, वह शख्स 2019 के बाद झारखंड के राजनीतिक फ़लक पर अचानक एक चर्चित चेहरा बनकर उभरा। 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद तो झामुमो के लिए चाणक्य बन गया। सुदिव्य कुमार सोनू ऐसे ही थे। 6 सितंबर 2026 की रात जब गिरिडीह के एक निजी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली, तो उस समय झारखंड सरकार का सिर्फ एक मंत्री नहीं गया, हेमंत सोरेन सरकार और झामुमो का सबसे मजबूत शख्स चला गया।

26 जुलाई 1970 को गिरिडीह की माटी में जन्मा एक साधारण परिवार का लड़का, जिसने 1989 में झामुमो का झंडा एक कार्यकर्ता के तौर पर उठाया था, वही लड़का तीन दशक बाद सूबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सबसे भरोसेमंद ÷ सोनू भैया÷ बन गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ठीक ही लिखा - ÷सोनू भैया का जाना मेरे जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ गया, जिसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

**हार से जीत तक का सफ़र**

1989 में छात्र जीवन में ही झामुमो से जुड़े। शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन के सबसे करीबी माने जाते थे। गुरुजी का सोनू पर विशेष आशीर्वाद प्राप्त था। दुर्गा सोरेन के साथ उन्होंने झारखंड आंदोलन के दौरान झारखंड के गांव-कस्बों की गलियां नापीं। संगठन के काम में उनकी मेहनत रंग लाई। सोनू 1992 में गिरिडीह नगर झामुमो अध्यक्ष बनाए गए। उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 2003-2010 तक गिरिडीह जिला के अध्यक्ष रहे। झामुमो संगठन को बूथ तक ले गए।

2009 में पहली बार गिरिडीह से चुनाव लड़े, लेकिन यह चुनाव हार गए।

2014 में चुनाव दुबारा लड़े और दूसरी बार भी हारे। लेकिन इस बार दूसरे नंबर पर आए। झामुमो के साथ सोनू का भी गिरिडीह क्षेत्र में जनाधार बढ़ा।

2019 के विधानसभा चुनाव में सोनू को पहली जीत मिली। झामुमो के टिकट पर जीतकर पहली बार विधायक बने। उसके बाद क्षेत्र में जनाधार बढ़ाई और पार्टी की साख भी बढ़ी।

2024 में दूसरी बार जीतकर विधानसभा पहुंचे। सुदिव्य सोनू ने दो चुनाव हारने के बाद भी मैदान नहीं छोड़ा। यही जिद्द उन्हें बड़ा नेता बना दिया।

और फिर वो किस्सा जिसे झारखंड कभी नहीं भूलेगा - 2024 का संकट। जब हेमंत सोरेन जेल में थे, सरकार लड़खड़ा रही थी, तब कल्पना सोरेन को राजनीति में लाने का फैसला हुआ- गांडेय उपचुनाव। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के लिए राजनीतिक जमीन सुदिव्य सोनू ने तैयार की। रात-रात भर गांव में बैठक कर कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। गांडेय उप चुनाव में भाजपा को हराकर कल्पना 27 हजार वोटों से जीतीं। उस जीत के असली आर्किटेक्ट सोनू ही थे। जब कल्पना सोरेन गांडेय आतीं, तो सोनू साये की तरह साथ रहते थे। तभी तो कहा जाता है, उन्हें मंत्री बनवाने में कल्पना सोरेन की सबसे बड़ी भूमिका थी। गांडेय की सीट से झामुमो के सरफराज अहमद जीत कर विधानसभा पहुंचे थे। इस सीट से उनका इस्तीफा दिलाकर खाली कराई गई। सरफराज अहमद को इसके एवज में राज्यसभा भेजा गया। शेष पेज 2 पर....

## जामताड़ा की कबड्डी टीम तैयार, 28 खिलाड़ियों का चयन



**जामताड़ा।** साहिबगंज में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जामताड़ा जिले की टीम का चयन कर लिया गया है। रविवार को जामताड़ा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित चयन ट्रायल में 120 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन, फिटनेस, तकनीक और खेल क्षमता को आधार बनाया गया।चयन समिति ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले 14 बालक और 14 बालिका खिलाड़ियों, कुल 28 खिलाड़ियों को जिला टीम में जगह दी। ये खिलाड़ी 12 से 14 सितंबर तक साहिबगंज में आयोजित झारखंड राज्य जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में जामताड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे।ट्रायल में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन डॉ. डी.डी. भंडारी मौजूद रहे। संघ की अध्यक्ष मीरा मिश्रा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिले का नाम रोशन करने की अपील की।सचिव करन कुमार राउत ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खिलाड़ी हरि सोनकर, राज सोनकर, विनोद प्रसाद, झूलन सिंह और अविनाश रावत प्रशिक्षण देंगे।मौके पर डॉ. चंचल भंडारी, सलिल कुमार, शुभम सोलंकी, अनीश रंजन, दीपक रजक, आबिद अंसारी, सरोज यादव, विवेक रजक और अभिषेक दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में डॉक्टर की देरी पर उठे सवाल

**जामताड़ा।** सदर अस्पताल जामताड़ा में चिकित्सकों की ड्यूटी और समयबद्ध उपस्थिति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। बिंदापाथर थाना क्षेत्र के चिहुटिया गांव निवासी ज्योत्स्ना देवी गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचीं। परिजनों का आरोप है कि निर्धारित समय पर संबंधित चिकित्सक के नहीं पहुंचने के कारण इलाज के साथ रेफर प्रक्रिया में भी उन्हें इंतजार करना पड़ा।परिजनों और जेएलकेएम जिलाध्यक्ष मंतोष महतो के अनुसार, चिकित्सक डॉ. आर. जेबा की ड्यूटी सुबह नौ बजे से थी, लेकिन करीब 11 बजे तक उनके अस्पताल नहीं पहुंचने की बात कही गई। मरीज की स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रेफर किया जाना था। परिजनों का कहना है कि चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करने के लिए संबंधित डॉक्टर की मौजूदगी आवश्यक होने के कारण परेशानी हुई।हालांकि अस्पताल प्रबंधक विनित कुमार ने चिकित्सक के लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के आरोप को खारिज करते हुए बताया कि डॉ. जेबा अस्पताल पहुंची थीं और करीब 15 मिनट की देरी हुई थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने मरीज का उपचार किया।डॉ. जेबा से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## कस्तूरबा विद्यालय में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर शनिवार को बसंतराय प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सभागार में आउट रिच एवं अवेयरनेश कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम ने छात्राओं को कानून का पाठ पढ़ाया। टीम में शामिल एलएडीसीएस लीली कुमारी,अधिकार मित्र नवीन कुमार, बिट्टू कुमार मंडल, मालती मुर्मू ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को भी आम लोगों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। ऐसे में उनके सहानुभूति, मित्रता भाव प्रगट करना व सहायता करना ही मानवता है।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से योजना, 2024 लाया गया है। कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और बौद्धिक विकलांगता का सामना कर रहे व्यक्तियों को गरिमापूर्ण, सुलभ और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान कराना है। कानूनी संरक्षता प्राप्त करने में सहायता, अवैध निरुद्धता या शोषण/उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी सुरक्षा।सके अलावा शिक्षा का अधिकार, मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम निषेध अधिनियम पर भी प्रकाश डाला गया। धन्यवाद ज्ञापन वार्डन जुली कुमारी ने किया। मौके पर सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, सुजाता कुमारी, फरहा जबी, पूनम कुमारी, गुड्डू कुमार, सुनील कुमार, किशोरी प्रसाद यादव, सुधांशु शेखर दास सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित थीं।

## नरैनी मोड़ की जर्जर सड़क में बढ़ा हादसे का खतरा



**महागामा।** प्रखंड के नयानगर पंचायत स्थित नरैनी मोड़ चौक के समीप मुख्य सड़क की स्थिति इन दिनों बद से बदतर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जबकि बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी और सड़क पर कीचड़ जमा हो जाने से आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़क की बदहाली देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो यह मुख्य सड़क नहीं, बल्कि खेत की पगडंडी हो।नरैनी मोड़ से होकर जाने वाला यह मार्ग दियी बॉर्डर के रास्ते बिहार को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। हनवारा के रास्ते बिहार आने-जाने वाले सैकड़ों लोग प्रतिदिन इसी सड़क का उपयोग करते हैं। छोटे-बड़े वाहनों के साथ बाइक सवार, साइकिल चालक और पैदल राहगीरों का भी इस मार्ग से लगातार आवागमन होता है।स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर बने गड्ढों और जलजमाव के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है। पानी से लबालब गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। वहीं, सड़क पर फैले कीचड़ के कारण बाइक और साइकिल के फिसलने की आशंका भी बनी रहती है।

## कर्माटांड़ में मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित



**कर्माटांड़ ।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू के असामयिक और आकस्मिक निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ प्रखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशेष शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत नेता को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।शोक सभा की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर की गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके राजनीतिक सफर, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और जनहित के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका इस तरह अचानक चले जाना झारखंड की राजनीति और खासकर शिक्षा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।इस दुखद अवसर पर कर्माटांड़ प्रखंड के प्रमुख राजनीतिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से शिवनारायण मंडल, रामरतन मंडल, रंजीत मंडल, अजीत मंडल, हरेराम यादव, रामदेव मंडल, सुबोध शाह, बाले मंडल और विनोद मंडल शामिल रहे। इन सभी ने अपने संबोधन में कहा कि सुदीप्य कुमार सोनू हमेशा गरीबों, पिछड़ों और छात्रों के हितों की आवाज बुलंद करते थे। शोक सभा के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनके परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान पूरा कर्माटांड़ प्रखंड शोक में डूबा नजर आया और हर किसी की आंखें अपनेप्रिय नेता के बिछड़ने से नम थीं।

# फुटबॉल फाइनल में दुमका का दबदबा पेनल्टी शूटआउट में बंगाल को हराया



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** सगे जीतपुर में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और दर्शकों के उत्साह से सराबोर रहा। न्यू यंग स्टार क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबले में एएल क्लब, दुमका ने जय मां तारा उखड़ा, पश्चिम बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।फाइनल मुकाबले में विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी ने प्रतियोगिता का आकर्षण बढ़ा दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही और कोई निर्णायक नतीजा नहीं निकल सका। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में दुमका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दर्शकों ने तालियों और उत्साहपूर्ण नारों के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने युवाओं को खेलों से जुड़कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।इस दौरान उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक हमला भी बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी राज्यों से आए भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची को लेकर गतिविधियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जामताड़ा की जनता जागरूक है और किसी भी कथित फर्जीवाड़े को सफल नहीं होने देगी। खनिज एवं संपदा संबंधी प्रस्तावित कानून का विरोध करने की भी अपील की।मौके पर अध्यक्ष बाबूजी किस्कू, सचिव वीर चंद्र हांसदा, मुखिया देवीसन हांसदा, शिवधन हांसदा, मंटू हेंब्रम, आनंद हांसदा, विमल हांसदा, जियाराम हांसदा, मनोज हांसदा व मनु राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गोड्डा में तीन जगहों पर हुए चोरीकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पिछले एक माह के दौरान मालिनी हाई स्कूल, हरना मोड़ एवं माल डुमरिया के दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सामान के साथ वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी ने मुफस्सिल थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, मालिनी हाई स्कूल, हरना मोड़ एवं माल डुमरिया में बैट्री, इन्वर्टर, प्रोजेक्टर, एलईडी टीवी तथा सोना-चांदी के जेवरात की चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इस संबंध में मुफस्सिल थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज किए गए थे।घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चोरी के सामान की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हंसडीहा-महागामा मुख्य मार्ग पर ग्राम दियारा के समीप ओवरब्रिज के नीचे तीन युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस वाहन को देखते ही तीनों युवक भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य युवक अंधेरे का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल सहित फरार हो गए।पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम रौशन कुमार साह (22 वर्ष) बताया। पुलिस के अनुसार, गहन पूछताछ में रौशन ने अपने सहयोगियों के साथ माल डुमरिया, हरना मोड़ एवं मालिनी हाई स्कूल में चोरी की घटनाओं में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। छापेमारी के दौरान छोटू कुमार यादव के घर से चोरी का एलईडी टीवी, सोने के आभूषण, मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान, सुमित कुमार के घर से एक बड़ी बैट्री तथा पप्पु वर्मा की ज्वेलरी दुकान से चोरी का सोना एवं चांदी का गला हुआ टुकड़ा बरामद किया गया।एसीई कंपनी का इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सोनी कंपनी का एलसीडी टीवी, करीब 150 ग्राम की एक जोड़ी चांदी जैसी पायल, एक डिबिया में करीब 0.9 ग्राम की तीन सोना जैसी नथनी, ग्रे रंग का लहंगा सेट, ल्यूमिनस कंपनी की सफेद बैट्री, बिना नंबर का नीले रंग का टोटो, स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जेएच-04एसी-1558, ब्लू रंग का इन्वर्टर तथा लोहे का सब्बल, हथौड़ी, छेनी एवं लोहे का कील जैसा बोल्ट बरामद किया है। पुलिस ने सभी बरामद सामानों की विधिवत जब्ती सूची तैयार कर उन्हें जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौशन कुमार साह, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता स्व. श्याम साह, निवासी सिमरातरी, थाना गोड्डा नगर, वर्तमान पता ग्राम दियारा, थाना गोड्डा , दूसरा अभियुक्त सुमित कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता शिवनारायण राम, निवासी कठौन, थाना गोड्डा मुफस्सिल, तीसरा अभियुक्त छोटू कुमार यादव, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता सहदेव यादव, निवासी चिलौना, थाना गोड्डा मुफस्सिल एवं चौथा अभियुक्त पप्पु वर्मा, उम्र करीब 42 वर्ष, पिता स्व. गोपाल वर्मा, निवासी करमाटांड, थाना गोड्डा (मुफस्सिल) के तौर पर हुई।

## गोड्डा में नेटबॉल खिलाड़ियों का जुटान, 1500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** जिला नेटबॉल संघ के तत्वावधान में 17वीं सीनियर एवं 9वीं सब-जूनियर जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया गया। संघ के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में जिले भर से करीब 70 टीमों के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।राज्य के उच्च शिक्षा, कला-संस्कृति एवं खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन के कारण उद्घाटन समारोह को बेहद सादगीपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पूर्व सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों ने मंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा जिला परशुराम वाहिनी के जिलाध्यक्ष चंदन कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा नेटबॉल संघ के उपाध्यक्ष बैद्यनाथ देहरी, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र गांधी, सचिव गुंजन कुमार झा, संयुक्त सचिव प्रियांशु राज, संघ के सदस्य शक्ति कुमार, निधि सिंह, कृष्णा मैम, रीना सेन तथा नवप्रभात मिशन स्कूल के प्राचार्य प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डीएवी पब्लिक स्कूल और टेंडर हार्ट स्कूल के बीच खेला गया। वहीं बालिका वर्ग में नवप्रभात मिशन स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी ने किया। मौके पर नेटबॉल संघ के सचिव गुंजन कुमार झा सहित संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस प्रतियोगिता का समापन समारोह 8 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

## सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रस्तावित सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा जिला इकाई की कार्यशाला बुद्धूडीह स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने की। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा और जिला प्रभारी प्रदीप साहू मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत दीप प्रज्वलन, मोटरसाइकिल यात्रा, रक्तदान शिविर, मरीजों के बीच फल वितरण, विकसित भारत की थीम पर रंगोली तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से बूथ से लेकर जिला, प्रदेश और केंद्रीय स्तर तक कार्यकर्ता जनसेवा से जुड़ेंगे।

जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर एक महीने तक विभिन्न सेवा कार्यक्रम चलाए जाएंगे। वहीं जिला प्रभारी प्रदीप साहू ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए अभियान को व्यापक बनाने का आह्वान किया।

मंच संचालन कमलेश मंडल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन निमाई सेन ने किया। मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद झा बाटुल, माधव चंद्र महतो, मनीष दुबे, आशा गुप्ता, तरुण गुप्ता, कमल गुप्ता, अभय सिंह, मोहन शर्मा, दिलीप हेम्ब्रम, आभा आर्या, सुभाष यादव, कुंदन गोस्वामी, सुखेन्द्र टुडू, मितेश साह, प्रिया दत्ता, सूरज झा समेत सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल टोली सदस्य उपस्थित रहे।

## सहिया-सहिया साथी की क्लस्टर बैठक



**संवाददाता नाला(जामताड़ा) ।** नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत किष्टोपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को सहिया एवं सहिया साथी की क्लस्टर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहिया साथी बबीता भुंई ने की।बैठक में वीएचएसएनसी, एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित एमटीसी अर्थात कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को ग्रामीण स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।मौके पर सहिया साथी बबीता भुंई के अलावा सहिया मिठूरानी पाल, परमीला हांसदा, मनि सोरेन, माला हेम्ब्रम, रितू भुंई, तूलसी कोड़ा, भवानी घोष, मिरूदी हेम्ब्रम एवं पूर्णिमा कोड़ा सहित अन्य मौजूद थीं।

## अवैध बालू लदा ट्रक खराब होकर सड़क जाम



**कुंडहित (जामताड़ा)।** नाला से ओवरलोड बालू लोड कर रामपुरहाट जा रहे ट्रक कुंडहित बारमेशिया मोड़ पर ब्रेकडाउन होने से सड़क जाम हो गया था। सुबह स्थानीय प्रशासन की मदद से जेसीबी मदद से ट्रक को आगे सड़क किनारे लगाया गया। बताया जाता है नाला क्षेत्र से अवैध बालू लोड़ कर कुंडहित के रास्ते से बंगाल के रामपुरहाट, जंगीपुर आदि शहर की ओर जाने के क्रम में कुंडहित बारमेशिया मोड़ पर ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 57 एफ 0483 बीच सड़क पर ब्रेकडाउन हो जाने से कुछ देर के लिए सड़क जाम हो गया था सुबह जेसीबी की मदद से ट्रक को सड़क से हटाया गया। वही चंद्रवंशी पेट्रोल पंप के सामने हाईवे संख्या डब्ल्यू बी 45, 9316 का भी ब्रेकडाउन होने से सड़क किनारे खड़े रहे। दिन के उजाले में ओवर लोड बालू को देखकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चा होने लगे। किसी ने पत्रकारों को अंधा तो किसी ने पत्रकारों को नाम पर तरह-तरह की बातें बना रहे थे।

## 1.31 लाख रुपये हड़पने के लिए रची फर्जी लूट , कर्मी गिरफ्तार



**मेहरमा।** प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरा- धनकुड़िया गांव के पास चार अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर 1.31 लाख रुपये लूट लिए जाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि कथित लूट की घटना वास्तव में फर्जी थी। कंपनी के कर्मचारी ने ही रुपये हड़पने की नीयत से लूट की पूरी कहानी गढ़ी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी फाइनेंस कर्मचारी को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.22 लाख रुपये नकद, वीवो वी-27 मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।जानकारी के अनुसार, आईआईएफएल समस्ता माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड, कहलगांव शाखा में कार्यरत शंभू कुमार शर्मा, पिता अजय शर्मा, निवासी डोमन खुटहरी, थाना पीरपैंती, जिला भागलपुर ने 6 सितंबर की रात बलबड्डा थाना क्षेत्र के चौरा-धनकुड़िया के पास चार अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर ग्राहकों से लोन की किस्त के रूप में प्राप्त 1.31 लाख रुपये छीन लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर बलबड्डा थाना दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।घटना की गंभीरता को देखते हुए महागामा एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की। जांच के दौरान पुलिस को घटना की कहानी पर संदेह हुआ। इसके बाद शंभू कुमार शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने कथित लूट की घटना की सच्चाई स्वीकार कर ली।

## क्रेडिट कार्ड अपग्रेड का झांसा देकर साइबर ठगी,गिरफ्तार



**जामताड़ा।** क्रेडिट कार्ड बंद होने या नया कार्ड जारी कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगी करने के आरोप में जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चार मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, एसपी शंभु कुमार सिंह को मिली सूचना के आधार पर साइबर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक राजेश मंडल के नेतृत्व में टीम ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई की। भेलवाटांड़ स्थित पोखर के समीप बांस के झुरमुट में छापेमारी कर महताब अंसारी (27), निवासी बरमुंडी, को पकड़ा गया।आरोप है कि वह बैंक या क्रेडिट कार्ड कर्मचारी बनकर लोगों को फोन करता था। एसबीआई क्रेडिट कार्ड बंद होने या नया कार्ड लेने की प्रक्रिया का हवाला देकर विश्वास में लिया जाता था। इसके बाद मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड कराकर कथित तौर पर गोपनीय जानकारी हासिल की जाती थी।

## शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**गोड्डा।** माध्यमिक शिक्षक संघ गोड्डा की ओर से मार्गदर्शक मंडली राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षक माधव चन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, रवीन्द्र नाथ सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद (प्रधान लिपिक) के अभिभावकत्व में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय शिक्षक भवन में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु चौधरी ने शिक्षकों को सामाजिक योद्धा बताते हुए उनके योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बतलाया और कहा कि एक स्वस्थ सामाज का निर्माण बिना शिक्षक के संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि गोड्डा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेकानंद सिंह, पथरगामा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य बीरेंद्र सिंह एवं अन्य गणमान्य बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि डॉ. विवेकानंद सिंह ने आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षकों की भूमिका सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में अहम है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं वे पूरे जीवन काल तक समाज और राष्ट्र की सेवा करते रहते हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय पुरस्कृत भूतपूर्व प्रधानाध्यापक प्राणधन चौधरी ने शिक्षकों को समाज का रीढ़ बतलाते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का दायित्व और कर्तव्य बहुत बढ़ गया है। कार्यक्रम के मार्गदर्शक राष्ट्रीय पुरस्कृत माधव चन्द्र चौधरी द्वारा शिक्षकों के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि वे न केवल राष्ट्र-निर्माता हैं बल्कि समाजिक दायित्व का निर्वहन को मजबूती से निभाना है। उन्होंने आगे कहा शिक्षकों अपने मान सम्मान की रक्षा हेतु सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भले आज विभागीय दबाव और एनजीओ का अनावश्यक क्रिया कलाप से शिक्षकों को बांध दिया गया है और वे खुलकर विद्यालय संचालन से लेकर अपने तरीके से छात्रों के अध्यापन कार्य में असहजता महसूस कर रहे हैं फिर बेहतर कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सम्मानित होने वाले शिक्षक डॉ. मौसम कुमार ठाकुर ने कहा कि शिक्षक होना गर्व की बात है। राष्ट्र निर्माण में अपने कर्तव्य और दायित्व का ईमानदारी पूर्वक करना है। हमें केवल अध्यापन कार्य ही नहीं चरित्र निर्माण का भी अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व मिला है और इसपर हमें खरा उतरना है ताकि स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके और एक शक्तिशाली राष्ट्र में चाणक्य की तरह योगदान हो।

## कर्नाटक के ओपीएस फैसले से चिरेका कर्मियों में जगी उम्मीद



**चित्तरंजन।** कर्नाटक सरकार द्वारा नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के फैसले की खबर से चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के कर्मचारियों में उम्मीद जगी है। फैसले का स्वागत करते हुए सीआरएमसी सचिव इंद्रजीत सिंह ने इसे सरकारी कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।उन्होंने कहा कि ओपीएस की बहाली से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भविष्य की आर्थिक अनिश्चितताओं से राहत मिल सकती है। उनके अनुसार, एनपीएस में पेंशन बाजार आधारित निवेश से जुड़े कोष पर निर्भर करती है, जबकि ओपीएस में पेंशन व्यवस्था अपेक्षाकृत निश्चित होती है। सरकार की घोषणा के बाद औपचारिक आदेश और अधिसूचना जारी होना आवश्यक है। मौके पर संजीव कुमार शाही, अमित सिन्हा, अभिनव बोस, दुलाल चंद्र चर, अजय पासवान, सूरज कुमार, संतोष कुमार, पंकज कुमार, अमित कुमार शर्मा, विकास कुमार और अवनीत सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मिहिजाम में डिजिटल हुनरमंदों का सम्मान




**मिहिजाम।** बदलते तकनीकी दौर में युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को मिहिजाम के पी. बनर्जी रोड स्थित एफवीटीआरएस ट्रेनिंग सेंटर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर एवं डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 45 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन एसटी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।समारोह में कंप्यूटर ट्रेनर चिरंजीत रक्षित, रीतु देवी, अनुष्का कुमारी, इशिका कुमारी और अमन कुमार सहित अन्य प्रशिक्षक व प्रशिक्षु मौजूद रहे। प्रमाण पत्र मिलने पर प्रशिक्षुओं में उत्साह देखा गया। अतिथियों ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## वडोदरा से विकास की नई रेल, गुजरात की धरती पर मोदी सरकार का बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात का वडोदरा एक बार फिर देश के विकास मानचित्र पर बड़ी तस्वीर के साथ उभरने जा रहा है। 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वडोदरा में एक ऐसे कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहाँ हजारों करोड़ रुपये की रेल एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं का लोकार्पण, समर्पण और शिलान्यास किया जाएगा। यह केवल विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बदलते भारत में आधारभूत संरचना को आर्थिक विकास की रीढ़ बनाने की उस सोच का भी प्रतीक है, जिसमें रेल, माल ढुलाई, औद्योगिक संपर्क और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक-दूसरे से जोड़कर आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।इस संदर्भ में उपलब्ध जानकारी के अनुसार वडोदरा में प्रधानमंत्री लगभग 30,766 करोड़ रुपये की रेलवे और संबद्ध परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित अथवा उनका शिलान्यास करेंगे। इस व्यापक पैकेज में नई रेल लाइन, रेल लाइनों का दोहरीकरण,गेज परिवर्तन और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शामिल हैं। इन परियोजनाओं को अलग-अलग देखने के बजाय एक समग्र परिवहन ढाँचे के रूप में देखा जाए तो इनके पीछे देश की आर्थिक गतिविधियों को अधिक गति देने की व्यापक रणनीति दिखाई देती है।इस पूरे पैकेज में सबसे बड़ा हिस्सा लगभग 20,703 करोड़ रुपये के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ा है। मालगाड़ियों के लिए विकसित यह व्यवस्था देश के औद्योगिक और व्यापारिक ढाँचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकती है। भारतीय रेलवे लंबे समय से यात्री और माल यातायात दोनों का भार उठाता रहा है। एक ही नेटवर्क पर दोनों प्रकार की ट्रेनों के बढ़ते दबाव के कारण कई बार मालगाड़ियों की गति और परिचालन क्षमता प्रभावित होती है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर इस चुनौती का समाधान प्रस्तुत करता है।जब माल ढुलाई के लिए अलग और अधिक सक्षम रेल मार्ग उपलब्ध होता है, तब यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों के बीच परिचालन का दबाव कम होता है। इससे रेल परिवहन की गति और क्षमता दोनों बढ़ाने में मदद मिलती है। मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार का अर्थ केवल समय की बचत नहीं है। इसका सीधा संबंध उद्योगों की उत्पादन लागत, आपूर्ति श्रृंखला, बाजार तक पहुँच और अंततः उपभोक्ता तक पहुँचने वाली वस्तुओं की कीमत से भी है।भारत जैसे विशाल देश में जहाँ एक क्षेत्र में उत्पादित कच्चा माल दूसरे क्षेत्र के उद्योगों में उपयोग होता है और तैयार उत्पाद देश के अलग-अलग बाजारों में पहुँचते हैं, वहाँ मजबूत माल परिवहन व्यवस्था आर्थिक विकास की बुनियादी आवश्यकता बन जाती है। इसी कारण डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को केवल रेलवे की परियोजना मानना पर्याप्त नहीं होगा। यह देश के औद्योगिक ढाँचे को मजबूत करने वाली आधारभूत संरचना का हिस्सा है।वडोदरा-रतलाम रेल मार्ग की तीसरी और चौथी लाइन का प्रस्ताव भी इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।लगभग 259 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट पर करीब 8,885 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना का उद्देश्य मौजूदा रेल मार्ग की क्षमता को बढ़ाने और यात्री तथा माल यातायात को अधिक सुगम बनाना है। पश्चिम भारत को मध्य भारत से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण रेल मार्ग की क्षमता में वृद्धि का प्रभाव केवल रेल परिचालन तक सीमित नहीं रहेगा। इससे व्यापारिक गतिविधियों और क्षेत्रीय आर्थिक संपर्क को भी मजबूती मिलने की संभावना है।वडोदरा केवल गुजरात का एक महत्वपूर्ण शहर नहीं है, बल्कि पश्चिम भारत के औद्योगिक, वाणिज्यिक और परिवहन नेटवर्क का प्रमुख केंद्र भी है। यहाँ पेट्रोकेमिकल, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक गतिविधियों का मजबूत आधार मौजूद है। ऐसे में रेल आधारभूत संरचना का विस्तार वडोदरा की आर्थिक क्षमता को और मजबूत कर सकता है। इसका प्रभाव गुजरात के साथ-साथ मध्य प्रदेश और देश के दूसरे हिस्सों तक माल एवं यात्री आवागमन पर पड़ सकता है। इस अवसर पर जवलपुर-टाडा रोड रेल सेक्शन तथा Vishwamitri-Dabhoi गेज परिवर्तन परियोजना सहित अन्य कार्य भी कार्यक्रम का हिस्सा बताए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त नए रेल सेवा संचालन की शुरुआत भी प्रस्तावित है। गेज परिवर्तन जैसी परियोजनाएँ पुराने और नए रेल नेटवर्क के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# रोजगार का विकेंद्रीकरण समस्या का बड़ा हल

**कुलभूषण उपमन्यु**

भारतीय समाज को आमतौर पर कृषि प्रधान देश के रूप में परिभाषित किया जाता है, किंतु यह अर्धसत्य निष्कर्ष है। असल में भारतीय समाज का बहुसंख्यक भाग दस्तकार रहा है और वह कृषकों की जरूरतें पूरा करते हुए खाद्य पदार्थ सुरक्षा अपनी मेहनत के बदले में प्राप्त करता था। लुहार, बढ़ई, तेली, जुलाहा, चर्मकार, बांसोर, नाई, धोबी, पत्थर की मूर्तियां बनाने और चिनाई का काम करने वाले, कच्ची ईंट बनाने वाले, घुमंतू, पशुपालक, भेड़ों की ऊन निकालने वाले, बाण बटाई का काम करने वाले, रंगाई-छपाई करने वाले, वूट्स स्टील बनाने वाले और एक-एक पेशे से जुड़े हुए सहयोगी व्यवसाय करने वाले अनेक लोग रहते थे। सब एक-दूसरे की जरूरतें पूरी करते हुए आराम की जिंदगी जीते थे। कोई बेरोजगार नहीं था। यह व्यवस्था एक-दूसरे के सम्मान और स्वावलंबन की सोच पर आधारित थी। बाकी बारीकियां जो भी रही हों हमें तो केवल यह देखना है कि देश कृषि के अलावा उत्पादक दस्तकारी पर ज्यादा निर्भर था।औद्योगिक क्रांति के बाद अंग्रेजी हुकूमत ने भारत की उत्पादक व्यवस्था को नष्ट करने का बीड़ा उठाया ताकि वह अपने देश के उद्योगों में बने उत्पादों को भारत में बेच सके। क्योंकि यहां के उत्पाद गुणवत्ता पूर्ण थे इसलिए उन्होंने साम, दाम, दंड, भेद से यह कार्य करने के रास्ते अपनाए। कहीं समाज में व्याप्त छोटे मोटे मतभेदों को हवा देकर, तो कहीं बुनकरों के हाथ के अंगूठे काट कर सीधी कार्रवाई करके, कहीं दस्तकारों को कच्चे माल की उपलब्धता को नियंत्रित करके स्वावलंबी अर्थव्यवस्था को तोड़ने का काम किया गया। इसी के चलते ज्यादातर दस्तकारी से बेदखल हुए लोगों को कृषि का रास्ता पकड़ना पड़ा। उसमें भी स्थायी बंदोबस्त करके जागीरदारी प्रथा को कायम किया, जिससे बहुत से दस्तकारों को जागीरदारों के मजदूर काश्तकार के रूप में जीवन यापन करना पड़ा, जिससे पैदा विसंगतियां और सामाजिक टूटन आज दिन तक देश के सामने अनेक प्रत्यक्ष और परोक्ष समस्याएं खड़ी करती रहती है।अब जबकि देश की आबादी भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है तो इस औद्योगिक विस्तार के मॉडल से दस्तकार समाज की खोई हुई रोजी की भरपाई कैसे हो सकेगी, यह प्रश्न लगातार चिंता को बढ़ाता ही जा रहा है। पढ़े- लिखे बच्चे पुरानी दस्तकारी तकनीकों को अपना कर वर्तमान विकसित तकनीक वाले उद्योगों से टक्कर नहीं ले सकते हैं। वर्तमान औद्योगिक मॉडल में रोजगार प्रदान करने की क्षमता बहुत सीमित है और स्वचालित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उपायों से कामगारों की जरूरत को लगातार घटाया जा रहा है। ऐसे में खेती में भी सबको रोजगार प्राप्त नहीं हो सकता, क्योंकि अधिकांश जोतें इतनी छोटी हो चुकी हैं कि उन पर पूरे परिवार का पालन संभव ही नहीं है।पर्वतीय क्षेत्रों में तो हालात और भी ज्यादा खराब हैं, जहां 80 प्रतिशत जोतें एक हेक्टेयर से भी छोटी हैं, जिनमें आधी तो 2-3 बीघा मात्र ही हैं। इतनी कम जमीन पर आदमी सम्मान पूर्वक घर बार तो बसा सकता है। इतनी जमीन तो होनी ही चाहिए, किंतु सम्मानजनक आय खड़ी नहीं कर सकता। सरकारी नौकरी तो मात्र दो तीन प्रतिशत लोगों को ही स्थापित कर सकती है, तो वर्तमान सरकारी और निजी उद्योगों की नौकरी जिसमें आईटी क्षेत्र भी शामिल है, कृषि, पशुपालन की वर्तमान स्थिति के बाबजूद भी जो बेरोजगारों की बड़ी संख्या इंतजार में खड़ी है और हर साल बढ़ती जा रही है। उनके लिए जवाब ढूंढने की जरूरत है। लोग नौकरी के इंतजार में आयु सीमा पार कर जाते हैं फिर हताश हो कर जीवन जीने को बाध्य होते हैं। ये परिस्थितियां देश के लिए सही नहीं हैं। सरकारें कोशिश करने के तमाम दावों के बावजूद जरूरत का दस प्रतिशत भी रोजगार खड़ा नहीं कर पा रही हैं। देश की अर्थव्यवस्था तो आगे बढ़ रही है, किंतु उस अनुपात में रोजगार नहीं बढ़ रहे। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण लें तो बेरोजगारों की संख्या 6 लाख 32 हजार है, (31मार्च 2025 तक) जबकि बहुत से लोग रोजगार कार्यालय में पंजीकरण को फिजूल मान कर पंजीकरण ही नहीं करवा रहे हैं। इसका अर्थ हुआ कि असली आंकड़ा और भी ज्यादा होगा। हिमाचल में पिछले तीन साल में सरकारी नौकरी 23 हजार 200 लोगों को दी गई। निजी क्षेत्र में 51 हजार को इस अवधि में नौकरी मिली। अतः प्रतिवर्ष 24 हजार 733 लोगों को नौकरी मिली, तो इस दर से 6 लाख 32 हजार लोगों को नौकरी मिलने में 25 वर्षों से ज्यादा लगेगा। तब तक और कितने बेरोजगार और इसमें जुड़ जाएंगे। यानी यह अनंत इंतजार का खेल है।

धन्य हैं, हमारे राजनेता, जो इतनी साफ तस्वीर होने के बावजूद लोगों को पीछे लगाए रखते हैं और सच नहीं बोलते। जो बोलेगा वह जाएगा। यानी हम आम नागरिक भी सच सुनना ही नहीं चाहते। न योजना बनाने वाला और न लाभार्थी जब दोनों ही सच सुनने को तैयार नहीं तो समस्या का समाधान कैसे निकलेगा। सभी जब सफेद कॉलर जॉब ढूंढेंगे तो कैसे संभव होगा। तीन अंगुली से कागज तो लिखे जाते हैं लेकिन जरूरत की वस्तुएं पैदा नहीं हो सकती। हम सोचते हैं कि मशीनीकरण से संभव होगा, किन्तु मशीनीकरण ने ही तो रोजगार छीने हैं। 100 छीन कर 10 पैदा किए हैं तो 90 प्रतिशत का घाटा कैसे पूरा होगा।हम यूरोप और अमेरिका की ओर समाधान के लिए देखने लगते हैं, किंतु हमें याद रखना चाहिए कि इन देशों ने उपनिवेशवादी दौर में विकासशील देशों की जो लूट की थी यह

उसी के ऊपर खड़ी इमारत है। उतनी बुनियादी पूंजी हमें कहां से मिलेगी। फिर आज कल चीन का उदाहरण देने और उससे सीखने की बहुत बात होती है, किंतु हम कभी चीन नहीं बन सकते। चीन साम्यवादी सरकार चलाने वाला घोर पूंजीपति देश बन चुका है। भले ही उसके प्रत्यक्ष और परोक्ष चाहने वाले उसे इस रूप में देखने का साहस नहीं कर पाते किंतु सच्चाई तो यही है। चीन ने 1978 में ही आर्थिक उदारीकरण की राह पकड़ ली थी जबकि भारत में उदारीकरण 1991 में शुरू हो सका। तब तक चीन, अमेरिका के स्वार्थों का लाभ उठा कर अमेरिका की ही सहायता से दुनिया का उत्पादन केंद्र बन गया।

अब तो अमेरिका भी अपनी चीन संबंधी नीति को गलत मान रहा है, क्योंकि वह अमेरिका का ही प्रतिस्पर्धी बन गया है। हर देश अपनी शक्ति और सामयिक हालात को देख कर बनाई योजना और रणनीति से ही आगे बढ़ सकता है। इसलिए हमें किसी की घटिया नकल बनने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपनी शक्ति और सीमाओं को देख कर समाधान ढूंढने चाहिए, लेकिन इतना तो तय है कि हमें वर्तमान औद्योगिक नीति को ज्यादा से ज्यादा विकेंद्रित ही नहीं करना होगा बल्कि कुटीर और अति लघु उत्पादन की इकाइयों को मुख्य धारा उत्पादन पद्धति बनाना होगा, जिससे ही अधिक से अधिक लोगों को रोजगार पैदा करके दिया जा सकता है।बड़ी चुनौती यह है कि उसके लिए तकनीक विकास का काम कैसे होगा। बड़े उद्योगपति तो खुद के लिए ही तकनीक भी खोज और विकसित कर लेते हैं या खरीद लेते हैं, किंतु छोटे उद्यमी तो ऐसा नहीं कर सकते।

# सोन जल समझौते से सहकारी संघवाद की नई राह

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

अंतरराज्यीय नदियाँ केवल बहते पानी की नदियाँ ही नहीं हैं, बल्कि ये जीवन रेखाएँ हैं जो कृषि उत्पादन, पेयजल आपूर्ति, उद्योगों, पारिस्थितिकी तंत्र और लाखों लोगों की आजीविका को सहारा देती हैं। हालाँकि, नदियों का प्रवाह राज्य की सीमाओं को भी पार कर सकता है, इसलिए इनका प्रबंधन राज्यों के बीच टकराव का कारण बन सकता है। हाल ही में बिहार-झारखंड के बीच सोन नदी को लेकर हुआ समझौता, जिसका उद्देश्य लगभग 25 वर्षों से चले आ रहे जल विवाद को बातचीत के माध्यम से हल करना है, सतत जल प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है - एक ऐसा जल मुद्दा जिसे केवल सहयोग से ही सुलझाया जा सकता है, न कि टकराव से। अंतरराज्यीय जल संघर्षों के निरंतर बने रहने का मुख्य कारण जल विकास के लिए परस्पर विरोधी हित हैं। एक राज्य सिंचाई के लिए अधिक जल का उपयोग कर सकता है, जबकि दूसरा पेयजल, उद्योग या शहरी विकास के लिए। ये सभी आवश्यकताएँ जायज़ हैं, लेकिन जल सीमित है। यदि कई राज्य एक ही नदी पर निर्भर हैं, तो संसाधन दुर्लभ हो जाते हैं और इन आवश्यकताओं को संतुलित करना संघीय प्रशासन के लिए एक चुनौती बन जाता है।

विभिन्न क्षेत्रों और ऋतुओं में जल असंतुलन से जटिलताएं और बढ़ जाती हैं। मानसून के मौसम में अच्छी वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों में उस दौरान भारी वर्षा हो सकती है, लेकिन ग्रीष्म ऋतु में वर्षा की कमी हो सकती है। इस प्रकार, एक नदी एक वर्ष भरपूर जल से भरी हो सकती है और दूसरे वर्ष विरल हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण यह स्थिति और भी अनिश्चित होती जा रही है। वर्षा के बदलते पैटर्न से नदियों के प्रवाह में परिवर्तन हो रहा है, जबकि लंबे समय तक सूखा पड़ने और चरम मौसम की घटनाएं भी जल उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं और जल उपलब्धता के बारे में अनुमानों को कम विश्वसनीय बना रही हैं।प्रशासनिक पुनर्गठन से ऐतिहासिक समझौतों पर असहमति भी उत्पन्न हो सकती है। बिहार-झारखंड संबंधों के मामले में भी यही स्थिति है। एक ही प्रशासनिक ढांचे के भीतर हुए समझौतों पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है यदि राज्यों का पुनर्गठन हो और उनकी कृषि, जनसंख्या और आर्थिक आवश्यकताएं विकसित हों। दशकों पहले प्रचलित निष्पक्षता की अवधारणा वर्तमान संदर्भ में लागू होना आवश्यक नहीं है।

संघर्ष का एक अन्य बड़ा कारण ऊपरी इलाकों में चल रही परियोजनाओं का विकास और उनका उपयोग है। बांधों, बैराजों और सिंचाई योजनाओं के कारण निचले इलाकों में पानी की मात्रा और निकासी का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है। सूचना साझाकरण और राज्यों के बीच परियोजना समन्वय के अभाव में, तकनीकी कार्य में निपुणता भी अविश्वास का कारण बन सकती है। पारदर्शी और वास्तविक समय के जलवैज्ञानिक आंकड़ों की अनुपलब्धता विवादों को और बढ़ा देती है। राज्यों के बीच आवंटित जल की मात्रा और उपलब्ध जल की मात्रा को लेकर अलग-अलग लक्ष्य हो सकते हैं। यदि वर्षा की मात्रा, नदी के प्रवाह, जलाशयों के स्तर और जल उपयोग के बारे में कोई साझा, वैज्ञानिक रूप से स्वीकृत जानकारी उपलब्ध नहीं है, तो बातचीत आसानी से परस्पर विरोधी मांगों पर बहस में बदल सकती है।अगर लोग राजनीतिक रूप से संगठित हो जाते हैं तो स्थिति और बिगड़ सकती है। पानी का मुद्दा भावनात्मक है और इसका किसानों, परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अगर तकनीकी समस्या क्षेत्रीय मुद्दा या राजनीतिक विवाद बन जाती है, तो समझौता करना मुश्किल हो जाता है। संस्थागत संवाद का यही उद्देश्य है, ताकि यह एक लंबा संघीय संघर्ष न बन जाए।

सोन नदी के लिए बिहार-झारखंड का दर्जा समझौता वार्ता के महत्व का एक उदाहरण है। दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से समाधान खोजने के लिए एक-दूसरे से संपर्क साधकर अहिंसक तरीके

## पाकुड़ की ख़बरें

### भाभी पर भाई को जहर देकर मारने का आरोप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गगनपहाड़ी गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की बहन ने अपनी भाभी पर उसके भाई को जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मृतक शिवाय मंडल गगनपहाड़ी में घर-जमाई के रूप में रह रहा था। बताया जाता है कि वह एक सितंबर को ओडिशा से काम कर अपने ससुराल लौटा था। घर लौटने के कुछ ही घंटे बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए जंगीपुर अस्पताल ले गए, जहां करीब तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, चिकित्सकों ने जहर सेवन की आशंका जताई थी। इसके बाद मृतक की बहन ने मुफस्सिल थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी भाभी पर भाई को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि इस संबंध में दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण और लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

### लबदा घाटी में मिक्सर मशीन लदा पिकअप पलटा, मजदूर घायल



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा-कुंजबोना पीडब्ल्यूडी सड़क स्थित लबदा घाटी में सोमवार सुबह मिक्सर मशीन लेकर जा रहा बिना नंबर का पिकअप वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में वाहन पर सवार एक मजदूर को हल्की चोटें आईं।जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन मजदूरों और मिक्सर मशीन को लेकर हिरणपुर थाना क्षेत्र से मोहनपुर गांव जा रहा था। लबदा घाटी की चढ़ाई पर वाहन आगे नहीं बढ़ सका और पीछे की ओर लुढ़कते हुए सड़क किनारे पलट गया।घटना के बाद चालक पुलिस के पहुंचने से पहले ही वाहन को किसी तरह उठाकर मौके से ले गया। सूचना के करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। हादसे में घायल मजदूर की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### बांसलोई नदी में मिला युवक का शव फुटबॉल देखने के बाद से था लापता

संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के बिष्टूपुर गांव के समीप बांसलोई नदी के बिष्टूपुर घाट में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर महेशपुर पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी शिवधन मरांडी के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी बिष्टूपुर नदी घाट पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार, शिवधन मरांडी बीते 5 सितंबर को महेशपुर-घाटचोरा गांव में फुटबॉल मैच देखने के लिए गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। दो दिनों तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह बिष्टूपुर गांव के समीप बांसलोई नदी घाट में शव मिलने की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान शिवधन मरांडी के रूप में की।इधर, मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर महेशपुर थाना में आवेदन दिया। परिजनों ने अपने रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करने की अनुमति मांगी। आवेदन के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले कर दिया। घटना को लेकर पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। युवक की मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### पेयजल संकट को लेकर महिलाओं ने पांच घंटे सड़क जाम की

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर (पाकुड़)। बाबूदाहा पंचायत के जगदीशपुर गांव में पेयजल संकट से आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं ने सोमवार सुबह महेशपुर-शहरग्राम मुख्य सड़क पर बर्तन रखकर जाम कर दिया। करीब पांच घंटे तक सड़क जाम रहने से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव का जलमीनार पिछले 15 दिनों से खराब है। इसके अलावा तीन चापाकल भी खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि



शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिसके बाद उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

सूचना पर एएसआई अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं अपनी मांग पर अड़ी रहीं। बाद में पंचायत के मुखिया साइमन हेंब्रम ने मौके पर पहुंचकर जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। मुखिया ने बताया कि मिस्त्री बुलाकर जलमीनार की खराब मशीन को ठीक कर चालू करा दिया गया है। वहीं, पांच घंटे तक जाम में फंसे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

### नशे के खिलाफ गांव में निगरानी तीन युवकों को रंगेहाथ पकड़ा

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़ ।जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में नशे के बढ़ते चलन के खिलाफ ग्रामीणों ने सामूहिक पहल शुरू की है। ग्रामीणों ने गांव में नशा करने वालों पर नजर रखने और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत ग्रामीणों ने तीन युवकों को कथित तौर पर नशीले पदार्थ के रूप में एविल (ऽ1द्दय) दवा का इंजेक्शन लेते हुए पकड़कर पुलिस के हवाले किया।बताया जाता है कि ग्रामीणों को गांव में कुछ युवकों द्वारा दवा का इस्तेमाल नशे के लिए किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर ग्रामीणों ने निगरानी शुरू की। इसी दौरान तीन युवकों को कथित रूप से एविल दवा का इंजेक्शन लेते हुए पकड़ लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक दवा को नस में इंजेक्शन के माध्यम से ले रहे थे। युवकों को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना हिरणपुर पुलिस को दी और तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवकों के पास दवा कहां से पहुंची और इसका इस्तेमाल नशे के लिए कौन-कौन लोग कर रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नशा करने वाले लोगों को पहले समझाकर सुधार का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि कोई व्यक्ति दोबारा नशे का सेवन करते पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों की इस पहल से क्षेत्र में नशे के खिलाफ सामुदायिक जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा।

### कानून-व्यवस्था की समीक्षा, ज्वेलरी दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने की सलाह

संताल एक्सप्रेस पाकुड़िया (पाकुड़)। पाकुड़िया थाना परिसर में सोमवार को क्षेत्र की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार ने की। बैठक में थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में लंबित कांडों, पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्ती और संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखने को कहा गया।थाना प्रभारी ने पाकुड़िया मुख्य बाजार और गणपुरा बाजार के ज्वेलरी दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा दुकानों के अंदर-बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हाल में आभूषण दुकानों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं को देखते हुए दुकानदार सतर्क रहें।बैठक में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। पुलिस ने आम लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल थाना को देने की अपील की।

### झामुमो कार्यालय में शोकसभा आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने में सोमवार को धनुषपूजा स्थित जिला झामुमो कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान दिवंगत मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू पार्टी के मजबूत स्तंभ और कर्मठ नेताओं में शामिल थे। उच्च शिक्षा एवं पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने अपनी कार्यक्षमता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। वे सहज, संवेदनशील और जनसरोकार से जुड़े नेता थे। उनके असामयिक निधन से झामुमो सहित पूरे राजनीतिक एवं सामाजिक जगत को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण और आम लोगों के प्रति मधुर व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा।पूर्व जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य श्याम यादव ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और स्तब्ध करने वाला है। उनके निधन से पार्टी के कार्यकर्ता मर्माहत हैं।

### सुदिव्य कुमार के निधन पर पाकुड़िया में शोक सभा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़िया (पाकुड़)। झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर सोमवार को झामुमो प्रखंड कमेटी पाकुड़िया की ओर से शोक सभा आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी शामिल हुए।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।केंद्रीय कमेटी सदस्य हरिवंश चौबे और प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा ने भी उनके निधन को पार्टी और राज्य के लिए बड़ी क्षति बताया। मौके पर झामुमो के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुदिव्य कुमार को कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। सोमवार को शहर के सिद्धू कान्हू पार्क के समीप राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की पवन स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के हितों से जुड़े विषयों को लेकर मधुरभाषी दिवंगत मंत्री जी योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। विशेष रूप से पुरानी पेंशन बहाली की दिशा में उनके सार्थक प्रयासों और कर्मचारियों की मांग के प्रति उनकी संवेदनशीलता को वक्ताओं ने रेखांकित किया। कर्मचारियों ने कहा कि पेंशन केवल सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा नहीं है, बल्कि भविष्य और सम्मान से भी जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत मंत्री ने कर्मचारियों की भावनाओं और लंबे समय से चली आ रही पुरानी पेंशन बहाली की मांग को समझते हुए इस दिशा में जो सार्थक पहल कीउसे कर्मचारी कभी नहीं भूल सकते। उनके असामयिक निधन से कर्मचारियों में गहरा शोक व्याप्त है। दिवंगत मंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त किया और उनके सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में किए गए कार्यों को याद किया।

### सुदिव्य सोनू : महेशपुर में झामुमो ने की शोकसभा

**महेशपुर (पाकुड़)।** झामुमो प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। इसमें महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी मुख्य रूप से शामिल हुए।विधायक ने स्व. सोनू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मौके पर जिला संगठन सचिव अनारुद्दीन मियां, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, प्रखंड सचिव जेम्स सुशील हेंब्रम समेत बड़ी संख्या में झामुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-24, माहित 04.09.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी फान्डाव लागित् विद्युत ठिकादारी रेयाक् चालू लाइसेंस आर सुपरवाइजरी लाइसेंस आर काउडी रूप रे कामी दाड़ेयाक् मेक्नाक्को नामडाक ठिकादारको ठेन खोन ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **ठिका केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-24, कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल-एंटी-क्लाइ बंग सापाप्, एंटी-बर्ड डिस्क,डबल कंटैक्ट वायर एमान रेयाक् प्रावधान आर एमान तेयाक् बिसवास सुधार उपायको होतेते ओएचई रेयाक् बिसवास रे सुधार। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 4,14,10,029.94; **बायना पायसाः** रु. 8,28,200; **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** आंगोच साकाम ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 12 (गेलबार) चान्दो। **झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 05.10.2026 हिलोक् 15.00 बजे। **कामी लागित् दारखास रेयाक् सोमोयः** झिजुक् रेयाक् तारीक खोन 60 दिन। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-247/2026-27)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मंत्री सुदिव्य के निधन पर जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि, समाहरणालय में शोक सभा आयोजित



**देवघर ।** दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन पर सोमवार को देवघर समाहरणालय सभागार में शोक सभा आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने दिवंगत मंत्री को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सुदिव्य कुमार के योगदान को याद करते हुए उनके निधन को समाज और राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में अपर समाहर्ता हीरा कुमार सहित जिला स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और समाहरणालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षक समाज के मार्गदर्शक, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में निभाते हैं अहम भूमिका



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** त्रिदिवसीय शिक्षक दिवस समारोह के तहत स्थानीय होटल न्यू ग्रैंड के सिद्धिविनायक बैंक्वेट हॉल में विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के बैनर तले शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव एवं उपस्थित शिक्षकों ने सम्मान प्रदान किया। समारोह में समीर कुमार दूबे, श्रद्धा कुमारी, सोनल कुमारी, सुरजीत झा, कृत्यानंद सिंह, प्रो. रामनंदन सिंह, डॉ. विजय शंकर, प्रणव कुमार,धीरेन्द्र भारती,काजल कांति सिकदार,पालन कुमार झा,प्रेम कुमार,सुबोध कुमार झा,संजीव कुमार सिंह, शोभना सिंह,प्रीति कुमारी, स्नेहाशीष सेन,रेखा कुमारी, सुनीता सिंह,अमित कुमार दूबे,निशि सिन्हा,शालिनी कश्यप,आलोक कुमार सहित कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'सृजन के शिल्पकार' पुस्तक में सहभागिता निभाने वाले विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ अनुशासन, नैतिकता,संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित कर उनके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। प्रो. रामनंदन सिंह ने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच एवं सीखने की जिज्ञासा विकसित करने पर जोर दिया। प्रकाश कुमार साहा एवं उनकी टीम ने निःशुल्क बॉडी चेकअप किया। वहीं आराध्या कुमारी सिंह, अनन्या कुमारी सिंह, वान्या एवं वैष्णवी कुमारी सिन्हा की नृत्य प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। अंत में सुमन सौरभ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस आईसीएफ रेक के साथ परिचालित होगी


**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** रेलवे द्वारा 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस का परिचालन 12 कोच वाली पारंपरिक आईसीएफ रेक के साथ किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त रेक में 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी (जीएस) कोच तथा 2 एसएलआरडी कोच सहित कुल 12 कोच होंगे।

## राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देवघर के 20 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** तीसरी झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 8 एवं 9 सितंबर को चंदनकियारी, बोकारो में किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में देवघर जिले की एथलेटिक्स टीम भी हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में देवघर के कुल 20 खिलाड़ी अंडर-18 एवं अंडर-20 आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। देवघर टीम में गीता रविदास, अमन कुमार, सुफियान अहमद, सुमित सिंह, साजन तांती, हिमांशु कुमार, मनाली सिंघा, मनीषा राज, सागर कुमार यादव, अभिषेक हेम्ब्रम, शिवम कुमार सिंह, प्रियांशु कसेरा, तहजीब परवीन, सोनू कुमार, आकृति सिंह, सुप्रिया कसेरा, खुशी मरांडी, बलराम कुमार, मीनाक्षी एवं अविनीत मंडल शामिल हैं। टीम के कोच दीपक कुमार के मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत की है। इस अवसर पर डीएसओ देवघर संतोष कुमार, अध्यक्ष डॉ. सुनील खवारे, सचिव मनोज मिश्रा एवं आशीष झा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, मेहनत एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की कामना की।

## देवघर झामुमो जिला कमेटी ने दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बैजमाथ में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शोकसभा में झामुमो जिला कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर झाड़ी में गिरी बाइक, युवक घायल

**गोपीकांदर।** पाकुड़िया मुख्य मार्ग पर दुवोरीया मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी झाड़ियों में जा गिरी। इस दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान 19 वर्षीय मिंटू देहरी के रूप में की गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को झाड़ियों से बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल में तैनात डॉक्टर हेमंत मुर्मू ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि युवक के सिर और चेहरे पर गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए दुमका स्थित फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# पालाजोरी में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार चार मोबाइल और तीन सिम बरामद

### पीएम किसान योजना के नाम पर भी भेजते थे एपीके फाइल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** साइबर अपराध के खिलाफ देवघर पुलिस की लगातार कार्रवाई के तहत पालाजोरी थाना क्षेत्र से दो कथित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए हैं। प्रारंभिक तकनीकी जांच में जब्त मोबाइल और सिम से साइबर ठगी में संलिप्तता के संकेत मिले हैं। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के आदेश पर और पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में 6 सितंबर को यह कार्रवाई की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पालाजोरी क्षेत्र में कुछ लोग फ्लिपकार्ट और अमेजन पे के कस्टमर केयर प्रतिनिधि, एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी तथा गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। पीएम किसान योजना के नाम पर भी लोगों को निशाना बनाए जाने की सूचना थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सागराजोर निवासी इलियास अंसारी, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता अकबर अंसारी और बरदडुबा निवासी साहिल अंसारी, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता अलीमुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। दोनों पालाजोरी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

---

**इस तरह करते थे ठगी**

पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी गूगल पे, फोनपे और पेटीएम कस्टमर केयर अधिकारी बनकर कैशबैक का झांसा देते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल का एक्सेस हासिल करने की कोशिश करते थे। आरोपी फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से पेमेंट बैंक कार्ड बंद होने का झांसा देकर उसे दोबारा चालू कराने के नाम पर भी ठगी की जाती थी।

---

**कई राज्यों में ठगी की शिकायतें मिलीं**

पुलिस ने बताया कि तकनीकी जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से जब्त मोबाइल नंबर और आईएमईआई नंबरों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज पाए जाने की जानकारी मिली है। मामले में पुलिस आगे की तकनीकी जांच कर रही है। कार्रवाई में साइबर थाना देवघर के पुलिस निरीक्षक नागेन्द्र कुमार मंडल तथा पालाजोरी थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार और पालाजोरी थाना की टीम शामिल थी।

## पुलपार दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक, संगठन का हुआ विस्तार

### अंकित लच्छीरामका पुनः अध्यक्ष बने



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर पुलपार दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक मंदिर प्रांगण में हुई. भव्य एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से अध्यक्ष अंकित लच्छीरामका की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से नई दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया. समिति में अंकित लच्छीरामका को पुनः अध्यक्ष, गौरव जयसवाल व सीताराम राजवार को उपाध्यक्ष बनाया गया. वही विवेक शर्मा को सचिव, कृष खेड़िया को सह-सचिव, अंकित शरण को कोषाध्यक्ष, विकास शरण को सह-कोषाध्यक्ष, कुंदन चौरसिया को मीडिया प्रभारी, किशन मंडल को सह-मीडिया प्रभारी तथा दीपक गुप्ता को पूजा संचालक का दायित्व दिया गया है. वहीं कमिटी के सहयोग के लिए पूजा के सुचारू संचालन हेतु 12 सदस्यीय संरक्षक मंडल में गोपी बर्मन, संतोष शर्मा, सुनील शर्मा (नुनु शर्मा), रंजीत यादव, राजेश आनंद, शिव शंकर पंडित, मनु पंडित, राजा बंसफोड़, संजय गुप्ता, नीटु गुप्ता, सुनील मनोहर एवं विशाल शरण को शामिल किया गया. मौके पर अंकित लच्छीरामका ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा और सभी श्रद्धालुओं, समिति के सदस्यों, प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य एवं सफल तरीके से किया जाएगा. पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ पूजा में शामिल होने की अपील की. साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया.सभी सदस्यों ने विश्वास जताया कि माँ दुर्गा की कृपा से इस वर्ष का पूजा महोत्सव भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से सफल होगा.

## सदर अस्पताल के आईसीयू से पांच मोबाइल चोरी, एक युवक गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के पांच मोबाइल चोरी होने के मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना छह सितंबर की देर रात की है। पुलिस ने मौके से एक युवक को पकड़ने के साथ चोरी के मोबाइल और उसकी स्कूटी जब्त की है। मामले में नगर थाना में प्राथमिकी संख्या 350/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिकी के अनुसार, कुंडा थाना क्षेत्र के गौरीपुर निवासी रजनीकांत मंडल की पत्नी डिलीवरी ऑपरेशन के लिए सदर अस्पताल के ढ्रष्ट वार्ड में भर्ती थीं। छह सितंबर की रात खाना खाने के बाद रजनीकांत मंडल और वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों के परिजन सो गए। देर रात नींद खुलने पर उन्होंने अपना मोबाइल गायब पाया। इसके बाद पता चला कि उनकी पत्नी का मोबाइल और देखरेख के लिए अस्पताल आई पूजा कुमारी का मोबाइल भी गायब है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर डुमरकोला, चांदन थाना क्षेत्र, बांका निवासी प्रविण तांती और सलौनाटांड, नगर थाना क्षेत्र, देवघर निवासी अविनाश शेखर झा का मोबाइल भी गायब होने की जानकारी मिली। इसके बाद सभी लोग मोबाइल की तलाश करने लगे।

---

**लोगों को देखकर भागने लगा युवक**

इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और लोगों को देखकर भागने लगा। लोगों ने उसका पीछा किया और 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले युवक ने चोरी किए गए चार मोबाइल वापस कर दिए, लेकिन एक मोबाइल के बारे में जानकारी देने से इनकार करता रहा। पुलिस के पहुंचने पर युवक ने अपना नाम आकाश गुप्ता, छतिसी, नगर थाना क्षेत्र, देवघर बताया। पूछताछ के दौरान वह अपनी स्कूटी के पास गया। स्कूटी की डिक्की खोलने पर उसमें रजनीकांत मंडल का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने मोबाइल के साथ स्कूटी संख्या जेएच 15 एएम 0137 जब्त कर युवक को थाना ले गई। शिकायतकर्ता रजनीकांत मंडल के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की आगे जांच और कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## अब 25 दिन में मिलेगा गैस सिलेंडर, उपभोक्ताओं को राहत




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था में बदलाव किया है। अब उपभोक्ताओं को पिछले सिलेंडर की बुकिंग के बाद 45 दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 25 दिन का अंतराल पूरा होने के बाद ओटीपी के माध्यम से नया गैस सिलेंडर लिया जा सकेगा। एचपी गैस एजेंसी के संचालक मनोज कुमार मंडल ने बताया कि उपभोक्ताओं की जरूरत और सुविधा को देखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। 25 दिन की अवधि पूरी होने के बाद उपभोक्ता गैस की बुकिंग कर ओटीपी के माध्यम से सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहले उपभोक्ताओं को दोबारा सिलेंडर लेने के लिए 45 दिनों का इंतजार करना पड़ता था। इससे नियमित रूप से गैस की खपत करने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने से ऐसे उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। एजेंसी संचालक मनोज मंडल ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने और बेहतर सेवा देने के लिए एजेंसी की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। नई व्यवस्था से घरेलू गैस की जरूरत वाले परिवारों को राहत मिलेगी।

## देवघर : छिनतई कांड में फरार दो सगे भाई गिरफ्तार

**संवाददाता**

**देवघर ।** नगर थाना पुलिस ने छिनतई के मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट के निर्देश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बस स्टैंड क्लब ग्राउंड के समीप निवासी बादल कुमार धपरा और निगम धपरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ छिनतई से जुड़े मामलों में न्यायालय से वारंट जारी था। वारंट जारी होने के बाद से दोनों फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में नगर थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया गया।

## ऋषि राजनारायण बसु की 200वीं जयंती पर विशेष समारोह संगीतज्ञ विश्वनाथ बनर्जी को मिला 'कृति बंगाली' सम्मान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** आरएन बोस लाइब्रेरी के सभागार में ऋषि राजनारायण बसु की 200वीं जयंती के अवसर पर बंगभाषी सांध्यसाथी, देवघर की ओर से विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभागार में स्थापित ऋषि राजनारायण बसु की प्रतिमा पर डॉ. एनसी गांधी द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह के दौरान देवघर के प्रवीण संगीतज्ञ एवं हंसध्वनि संगीत कला केंद्र के संस्थापक विश्वनाथ बनर्जी को संगीत के क्षेत्र में 45 वर्षों के विशेष योगदान के लिए बंगला संवत वर्ष 1432 (2025-26) का 'कृति बांगाली' पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रीमती शाश्वती चटर्जी ने पुष्पगुच्छ, रजत मुखर्जी ने अंगवस्त्र, शरदेंदु कुंडु ने कलम तथा अमरेश चौधुरी ने मानपत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में दयामयी बनर्जी ने ऋषि राजनारायण बसु के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समर्पित स्वरचित कविता प्रस्तुत की। प्रोफेसर गौरव गांगुली ने राजनारायण बसु के देवघर के लिए योगदान और शहर से उनके गहरे संबंधों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिपाशा दासगुप्ता एवं हरिशंकर बर्मन ने रवींद्र संगीत तथा मिठु सेन ने रवींद्र नृत्य प्रस्तुत किया। तबले पर शुभ्रनील चक्रवर्ती ने संगत दी। समारोह में बंगाली समुदाय के बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मंत्री के निधन पर खेल जगत ने दी श्रद्धांजलि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** खेलकूद, पर्यटन एवं उच्च शिक्षा मंत्री रहे स्व. सुदीव्य कुमार सोनू के निधन से देवघर के खेल जगत में शोक की लहर है। सोमवार को स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में देवघर जिला खेल प्राधिकरण (डीएसए) एवं देवघर जिला ओलंपिक संघ की ओर से शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में डीएसए सचिव आशीष झा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र देव, देवघर जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव नवीन शर्मा, कबड्डी कोच ललित कुमार, ताइक्वांडो कोच प्रवीर राय, गिरधारी यादव, यश गुप्ता सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे। सभी ने स्व. सुदीव्य कुमार सोनू के छायाचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डीएसए कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र देव ने कहा कि स्व. सुदीव्य कुमार सोनू के कार्यकाल में राज्य में खेल गतिविधियों एवं खिलाड़ियों के विकास को काफी गति मिली। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रयास सराहनीय रहे। उनका असमय निधन खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्व. सोनू का योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। शोक सभा का माहौल पूरी तरह गमगीन रहा।

## स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री सुदिव्य के निधन पर शोकसभा



**मधुपुर ।** शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र करौं परिसर में शोकसभा आयोजित की गई. इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की. वक्ताओं ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड ने एक सक्रिय जनप्रतिनिधि और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता को खो दिया है. इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अरुण कुमार, डॉ राकेश कुमार, मिथिलेश सिंह, पवन कुमार सिंह, मंतोष कुमार, नीलम लकड़ा, मनोरंजन राय, रूबी कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्य स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

## देवघर जिला इंटक ने मंत्री सुदिव्य को दी श्रद्धांजलि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जलसार रोड स्थित देवघर जिला इंटक के कार्यालय में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव सह संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार, देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिकांत यादव, रमाकांत यादव, देवघर जिला इंटक के उपाध्यक्ष सुभाष, जिला इंटक के कोषाध्यक्ष आशीष कुमार इंटक के नीरज कुमार एवं शैलेंद्र किशोर झा द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। झारखंड ने एक योग्य प्रशासक एवं दूरदर्शी नेता को खो दिया है।

## आरएल शर्राफ हाई स्कूल में शोकसभा




**देवघर।** झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर झारोटेफ की देवघर जिला इकाई ने शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्य इकाई के आह्वान पर आरएल शर्राफ उच्च विद्यालय, देवघर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और संगठन के सदस्यों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन योजना की बहाली में सुदिव्य कुमार सोनू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दिशा में उनके प्रयास और योगदान को कर्मचारी लंबे समय तक याद रखेंगे। पुरानी पेंशन योजना की बहाली को राज्य के सरकारी कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर जिला संरक्षक पुरुषोत्तम कुमार, जिला अध्यक्ष आलोक कुमार, जिला सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष वशिष्ठ सिंह कुशवाहा, प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार राय, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश नारायण राय, जिला उपाध्यक्ष सुभाष कुमार सुमन, सुनील प्रसाद वर्मा, सुशील कुमार वर्मा, संतोष कुमार पटेल, केशरी कांत कुशवाहा, योगेंद्र ठाकुर, चंद्रहास, अमित कुमार, प्रकाश यादव, कार्तिक रजवार, रमेश महतो, अभिषेक मिश्रा, प्रकाश झा, संजय कुमार, सुलेखा विश्वास, रमेश रंजन, राजीव रंजन, शैलेंद्र वर्मा, उदेश्वर मांझी, पीएस कुणाल, अमित गुप्ता, किशोर कुमार रजक, ब्रजेश कुमार झा, अविनाश कुमार झा, संतोष कुमार झा, संजय कुमार सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट मे आकर अधेड़ की मौत

**मधुपुर ।** मधुपुर रेल थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनकट्टा स्टेशन के पास डाउन रेल पटरी से पोल संख्या 278/26-28 के समीप ट्रेन की चपेट मे आने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई.सूचना पर मधुपुर रेल थाना के एएसआइ दिवाकर चौधरी पुलिस बल के साथ धटना स्थल पर पहुंच कर मामले का जाँच किया. शव का पंचनामा के बाद मृतक का क्षत विक्षत शव को रेल ट्रेक से हटा कर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया. इस संबंध मे रेल थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि मृतक किसी ट्रेन से गिर कर हादसे का शिकार हुआ है. वह ब्लू रंग का शर्ट तथा काला पैन्ट पहने हुए है. उसके पास से एक पिठू बैग बरामद हुआ है जिसमे प्राप्त आधार कार्ड का फोटो कांपी से उसकी पहचान हुई है. मृतक दुमका जिला के मसलिया निवासी शीतल हासँदा के रूप मे पहचान हुई है. परिजनो को सूचना दिया गया. इस संबंध मे रेल थाना मधुपुर मे यूडी मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में दुमका में आज भाजपा का महाआंदोलन



**दुमका।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर दुमका जिला भाजपा ने छात्र हित और जनहित के मुद्दों को लेकर एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। आज मंगलवार को दुमका में एक विशाल आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसके जरिए भाजपा राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य छात्रों और भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए मुकदमों को तुरंत वापस लेना, छात्रों के अधिकारों की रक्षा करना और राज्य में हुए विभिन्न घोटालों की सीबीआई जांच कराना है। भाजपा नेताओं ने साफ किया है कि वे इन गंभीर मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज बुलंद करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दुमका में आयोजित होने वाले इस आंदोलन में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी खुद शामिल होंगे। उनके आगमन की खबर से स्थानीय छात्रों और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा इस महाआंदोलन के माध्यम से जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार भरने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## डिजिटल क्रांति की नई उड़ान : स्वाधार सारथी केंद्रों से चमकेगा ग्रामीण झारखंड का भविष्य




**दुमका।** ग्रामीण इलाकों में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की शुरुआत की गई है। स्वाधार फिनएक्सेस द्वारा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से संचालित स्वाधार सारथी केंद्र का खूंटी में भव्य शुभारंभ हुआ। इस खास मौके पर संस्था की सीईओ श्रीमती अमृता कपूर ने खूंटी मुख्य केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने तकनीक का बेहतरीन उपयोग करते हुए यहीं से दुमका, लोहरदगा और सिमडेगा के नए क्षेत्रीय कार्यालयों का भी वर्चुअल उद्घाटन कर क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात दी। यह नवस्थापित स्वाधार सारथी केंद्र मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मुख्यधारा की बैंकिंग और विभिन्न सरकारी वित्तीय समावेशी योजनाओं से सीधे जोड़ने का काम करेंगे। इस उद्घाटन समारोह की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि कार्यक्रम के दौरान ही मौके पर ही डाक विभाग और विभिन्न प्रमुख बैंकों के सहयोग से कई कल्याणकारी खाते खोले गए। जिसमें नन्हीं बालिकाओं के सुनहरे भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खोले गए, वहीं ग्रामीणों को सुरक्षा कवच देने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से तुरंत जोड़ा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बैंकिंग क्षेत्र की मजबूत भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रधान डाक कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बैंक बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा स्वाधार फिनएक्सेस टीम की मुख्य कार्यक्रम अधिकारी वैशाली खोकर, एक्सपर्ट एडवाइजर रोहन कपूर, महाप्रबंधक संतोष कुमार, सीनियर एआरएम रवि रंजन, जिला प्रबंधक रोशन नाग सहित टीम के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

## करैत सांप के काटने से किशोर की मौत

**दुमका।** जिला के मसलिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पलासी गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां जहरीले करैत सांप के डसने से 17 वर्षीय सुफल हेमब्रम की दर्दनाक मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात सुफल घर के फर्श पर सोया हुआ था। रात के करीब 1 बजे उसे एक जहरीले करैत सांप ने काट लिया। जैसे ही सुफल की नींद खुली और उसने सांप को देखा, उसने तुरंत अपने बड़े भाई पांसल हेमब्रम को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने जब सांप की खोजबीन शुरू की, तो वह घर के एक बिल में जाकर छिप गया।सुबह करीब 7 बजे परिजन गंभीर हालत में सुफल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पिता की पहले ही हो चुकी है मौत, मां मजदूरी के लिए बाहर घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# आदिवासी छात्रावास की बदहाली पर कल डीसी कार्यालय घेरेंगे छात्र

### अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का ऐलान, सीजेपी ने आंदोलन को दिया समर्थन



**ब्यूरो**

**दुमका ।** सरकारी आदिवासी छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की कमी से नाराज छात्रों ने आंदोलन का निर्णय लिया है। आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास संख्या-1 के छात्र नौ सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में छात्रों ने अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका को सूचना पत्र सौंपकर आंदोलन की जानकारी दी है। छात्रों ने विभिन्न सामाजिक एवं छात्र संगठनों से आंदोलन में सहयोग और समर्थन की अपील की है।

छात्रों का कहना है कि छात्रावास की समस्याओं को लेकर कई बार जिला प्रशासन को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। छात्रावास में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, भोजन, बिजली, साफ-सफाई सहित कई बुनियादी सुविधाओं की कमी का आरोप लगाया गया है। छात्रों के अनुसार, इन समस्याओं का प्रतिकूल असर उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर पड़ रहा है।

---

**मॉडल हॉस्टल की घोषणा के बावजूद नहीं बदली तस्वीर**

छात्र संगठनों का कहना है कि पूर्व में उपायुक्त की ओर से उक्त छात्रावास को मॉडल हॉस्टल के रूप में विकसित करने की बात कही गयी थी। इसके बावजूद छात्रावास की जमीनी स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आया है। छात्रों का आरोप है कि घोषणा के बावजूद मूलभूत सुविधाओं की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

---

**आंदोलन को सीजेपी का समर्थन**

छात्रों के आंदोलन को सीजेपी ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। सीजेपी के केंद्रीय सदस्य एवं ईस्ट जोन प्रभारी अंकित भारद्वाज, असलम, प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष रंजन समेत पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। पार्टी की ओर से कहा गया है कि छात्र हित से जुड़े इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी भाग लेंगे।

---

**तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग**

छात्रों ने जिला प्रशासन से छात्रावास की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना उनका बुनियादी अधिकार है। छात्रों ने प्रशासन से पेयजल, शौचालय, बिजली, भोजन और स्वच्छता जैसी सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।सूचना पत्र सौंपने के दौरान बहादुर मुर्मू, अम्पाय हेंब्रम सहित अन्य छात्र मौजूद थे। छात्रों ने कहा कि जब तक छात्रावास की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रखा जायेगा।

# बासुकीनाथ धाम की पवित्रता तार-तार

### आस्था के केंद्र को मयखाना बना रहे असामाजिक तत्व





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी।** कांवरिया के वेश में बासुकीनाथ धाम आए कुछ तथाकथित श्रद्धालुओं के अनैतिक आचरण से सोमवार को बासुकीनाथ धाम की पवित्रता तार तार हो गई। शिवगंगा में स्नान के दौरान कुछ कांवरिया वेश धारी लोग अमर्यादित आचरण पर उतर आए और पवित्र शिवगंगा के जल में स्नान करते हुए शराब पीने लगे। शिवगंगा में स्नान के दौरान हो रहे इस जघन्य कृत्य को देखकर पूजा अर्चना करने आए अन्य श्रद्धालु ,उनकी उच्छृंखलता देखकर शर्मसार हो गए। शिवभक्त के रूप में तथाकथित श्रद्धालुओं का वेश धरे इन लोगों ने काफी देर तक अपने व्यवहार से पवित्र तीर्थस्थल की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई। बाद में स्थानीय लोगों के विरोध करने पर तथाकथित श्रद्धालुओं के तमाशे पर विराम लगा और जलील करते हुए उन्हें शिवगंगा से भगाया गया। प्रसिद्ध बासुकीनाथ धाम जैसे पवित्र तीर्थ स्थल पर आने वाले इन तथाकथित श्रद्धालुओं का आचरण अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक था। कहां तो, फौजदारी बाबा की नगरी में लोग भोलेनाथ की पूजा करने और अपनी फरियाद लेकर आते हैं, किन्तु सोमवार को जो कुछ हुआ वह न सिर्फ निंदनीय था बल्कि आस्था की इस नगरी के लिए एक चेतावनी भी छोड़ गया। शिवगंगा, जहाँ भक्त भोलेनाथ की गहरी आस्था के साथ डुबकी लगाते हैं, वहाँ सरेआम शराब लेकर स्नान करना और सरोवर परिसर को मयखाना बनाने का कृत्य देखना सच्चे शिवभक्तों के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। शिवगंगा में स्नान के दौरान शराब पीते ये तथाकथित श्रद्धालु इतने उच्छृंखल हो गए कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी। अनैतिक रूप से शराब पीते ऐसे लोगों ने न सिर्फ शिवगंगा में स्नान करते हुए शराब पी, बल्कि सेल्फी और फोटो भी खिंचाई। अक्सर घाटों पर गांजा और अन्य मादक नशीले पदार्थों का सेवन करते लोग नजर आ जाते हैं। ऐसा अशोभनीय कृत्य न केवल दूर-दराज से आने वाले सच्चे शिवभक्तों की आस्था को ठेस पहुँचा रहे है, बल्कि धार्मिक मान्यताओं और शिव के सच्चे अनुयायियों को भी लज्जित कर रहे है। प्रशासन को ऐसे हुड़दंगियों और आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर अविलंब कार्रवाई कर बासुकीनाथ धाम की धार्मिक पवित्रता बचाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि तीर्थस्थल की मर्यादा अक्षुण्ण रहे।

## 12 सितंबर को दुमका में सजेगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**दुमका।** आगामी 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी और सफल बनाने के लिए दुमका में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि की अध्यक्षता में पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत के जरिए ज्यादा से ज्यादा लंबित मामलों का निपटारा कर आम जनता को राहत पहुंचाना है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम लोगों के लिए त्वरित, सुलभ और बिना किसी खर्च के न्याय पाने का एक बेहतरीन मंच है। यहां मामलों का निपटारा आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर होता है, जिससे पक्षकारों का अमूल्य समय और धन दोनों बचता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस आयोजन को पूरी तरह सफल बनाने के लिए न्यायपालिका के साथ-साथ पुलिस प्रशासन और अन्य सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। लोक अदालत का लाभ सुदूर इलाकों तक पहुंचाने के लिए बैठक में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की रणनीति भी बनी। यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में पारा लीगल वॉलंटियर्स के माध्यम से आम लोगों को लोक अदालत से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। न्यायाधीश ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पक्षकारों को समय पर नोटिस तामील कराया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर नोटिस मिलने और विभागों के बीच आपसी समन्वय से ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालत के जरिए विवादों का शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण समाधान समाज में भाईचारा और आपसी विश्वास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है। बैठक में मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे इस राष्ट्रीय लोक अदालत को पूरी तरह सफल बनाने के लिए अपना हर संभव सहयोग और समन्वय प्रदान करेंगे।

## लावारिस हालत में मिली बाइक



**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के दलाही डाक बंगला के समीप स्थित पोल्ट्री मैदान में सोमवार को एक बाइक लावारिस अवस्था में मिलने से इलाके में चर्चा का माहौल बन गया। बताया गया कि बाइक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रविवार से ही मैदान के पास छोड़कर जाने की बात सामने आई है।सोमवार सुबह जब आसपास के ग्रामीणों की नजर मैदान में खड़ी बाइक पर पड़ी, तो लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। बाइक किसकी है और इसे यहां किस उद्देश्य से छोड़ा गया, इसको लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता बनी रही। ग्रामीणों ने मामले की सूचना तत्काल मसलिया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मसलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक की जांच की। इसके बाद पुलिस बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई। पुलिस द्वारा बाइक के नंबर और अन्य जरूरी जानकारी के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बाइक के लावारिस अवस्था में मिलने के पीछे क्या कारण है, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चा बनी हुई है।

## बारिश में गिरा खपरैल मकान, परिवार चिंतित



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के नयाडीह पंचायत अंतर्गत उपरबंधा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण एक खपरैल छावनी वाला मिट्टी का मकान भरभराकर गिर गया। मकान गिरने से फुलिया देवी काफी चिंतित हैं। पीड़िता के सामने अब रहने के लिए सुरक्षित आवास की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश हो रही थी। बारिश के पानी से मिट्टी की दीवारें पूरी तरह गलकर कमजोर हो गई थीं। इसी बीच अचानक खपरैल छावनी वाला मकान भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मकान गिरने से घर में रखा अनाज, बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता फुलिया देवी ने बताया कि उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अब तक पक्का मकान नहीं बना सके हैं। बारिश के कारण मकान गिरने के बाद परिवार के सामने रहने और सामान सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़िता ने प्रखंड प्रशासन से मामले की जांच कर प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा अबुआ आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही तत्काल राहत एवं आवश्यक सहायता देने की भी अपील की है।

## जरमुंडी के छींटखरवा गांव से एक युवक लापता



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के चोरखेदा पंचायत अंतर्गत छींटखरवा गांव निवासी एक युवक पिछले सात दिनों से लापता है। घरवाले उसकी तलाश में दर-दर भटक रहे हैं और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। छींटखरवा निवासी विवेक कुमार मंडल पिता राजेंद्र मंडल पिछले 31 अगस्त 2026 को चोरखेदा बाजार से लापता हो गया है। घरवालों ने बताया कि युवक मंदबुद्धि है और बोल नहीं सकता। लापता होने के समय वह हाफ पैंट और टी-शर्ट पहने हुए था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। घरवालों ने बताया कि हर संभावित जगह पर तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला है।

## बहुचर्चित विमला देवी हत्याकांड : 16वें गवाह ने खोले जांच के पन्ने, 9 को होगी आगे की जिरह

### 16वें गवाह के रूप में आईओ ने दर्ज कराई गवाही, बचाव पक्ष के लिए जिरह बनी चुनौती

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** नगर थाना क्षेत्र के केवटपाड़ा में पानी निकासी के मामूली विवाद में हुई विमला देवी की नृशंस हत्या के मामले में सोमवार को एक अहम सुनवाई हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि की अदालत में इस बहुचर्चित हत्याकांड के 16वें गवाह के रूप में कांड के अनुसंधानकर्ता सावन कुमार साहू ने अपनी गवाही दर्ज कराई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह शुरू की गई, लेकिन समय की कमी के कारण यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में शेष जिरह के लिए न्यायालय ने 9 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। सुनवाई के दौरान अदालत की एक सख्त टिप्पणी ने सबका ध्यान खींचा। प्रतिपरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता से स्पष्ट कहा कि जिस जघन्य वारदात में दिन के उजाले में एक महिला का तलवार से सिर काटकर कत्ल किया गया हो, ऐसे मामलों में बचाव पक्ष के लिए जिरह करना और अपना पक्ष साबित करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। अभियोजन पक्ष की ओर से इस सनसनीखेज मामले में अब तक कुल 16 गवाहों को अदालत में पेश किया जा चुका है और अनुसंधानकर्ता की गवाही के बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया इसी तरह जारी रहेगी। ज्ञात हो कि केवटपाड़ा मोहल्ले में पानी की निकासी को लेकर लंबे समय से तनाव चल रहा था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतका विमला देवी का मुख्य विवाद आरोपी फूलचंद साह से नहीं, बल्कि पड़ोस में रहने वाली रागिनी झा से था। घटना वाले दिन दोनों महिलाओं के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद रागिनी ने फोन करके फूलचंद को वहां बुला लिया। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि सूचना मिलते ही फूलचंद अपने घर से तलवार लेकर मौके पर पहुंचा और उसने सरेआम विमला देवी पर जानलेवा हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने जांच के दौरान वारदात में इस्तेमाल की गई तलवार भी बरामद कर ली थी। इस खौफनाक वारदात में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने मुख्य आरोपी फूलचंद साह, उसके पिता सहायक अवर निरीक्षक लालचंद्र साह और रागिनी झा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब सभी की निगाहें 9 सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

## बारिश में भी ओबीसी मोर्चा का विरोध काला बिल्ला लगा जताया आक्रोश

### जाति जनगणना 2027 में ओबीसी कॉलम जोड़ने की मांग




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** राजधानी में सोमवार को भारी बारिश के बीच राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जाति जनगणना 2027 में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया. पुराना हाइकोर्ट स्थित अंबेडकर चौक, डोरंडा में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी. राजकीय शोक के कारण कार्यक्रम में नारेबाजी नहीं की गयी. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास की बात करती है, लेकिन ओबीसी की वास्तविक संख्या जानने के लिए जाति जनगणना में अलग कॉलम जोड़ने से परहेज कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड में हजारों लोगों ने अपने घरों में काला रिबन लगाकर आंदोलन का समर्थन किया है. अब यह आंदोलन गांव-गांव तक पहुंच गया है और आनेवाले दिनों में दिल्ली तक ले जाया जायेगा. वरिष्ठ सदस्य आजम आजाद ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद कार्यकर्ता अपनी मांग को लेकर डटे रहे. जाति जनगणना 2027 में ओबीसी कॉलम जोड़ना ही होगा. ओबीसी कॉलम नहीं होगा, तो ओबीसी की वास्तविक गिनती सामने नहीं आ सकेगी. उन्होंने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को झारखंड आंदोलन का साथी बताते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया.

मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्कर्ष कुमार, प्रो. भरत ठाकुर, रविंद्र यादव, विनोद कुमार गोप, सुबोध कुमार ठाकुर, मो. इसराइल, खालिद, अजय कुमार, मोहम्मद मोईन, परवेज अहमद, डॉ शिवानंद काशी, केपी यादव, सच्चिदानंद गोप, ब्रजेश कुमार, बालेश्वर ठाकुर, रोहित कुमार, छात्र नेता रवि कुमार, सचिंद्र गोप समेत कई लोग मौजूद थे.

## नक्सली हमले में गोली लगने के बाद भी नहीं छोड़ी पुलिस सेवा, इलाज के दौरान जवान मजबूल अंसारी का निधन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**काठीकुंड ।** काठीकुंड प्रखंड के मधुबन गांव निवासी झारखंड पुलिस के जवान करीब 46 वर्षीय मजबूल अंसारी का रविवार की सुबह वर्धमान में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही मधुबन गांव समेत आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित उमड़ पड़े। हर आंख नम थी और माहौल गमगीन नजर आया। मजबूल अंसारी वर्ष 2008 में झारखंड पुलिस में नियुक्त हुए थे और वर्तमान में धनबाद जिले में पदस्थापित थे। वर्ष 2012 में तोपचांची क्षेत्र में हुए नक्सली हमले के दौरान गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना के बाद से वह लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझते रहे। परिजनों के अनुसार, उन्हें अक्सर शरीर में दर्द रहता था। पिछले कुछ समय से वह पीलिया की बीमारी से भी पीड़ित थे।

स्वास्थ्य में लगातार गिरावट के बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए वर्धमान ले गए थे। वहां इलाज के दौरान रविवार सुबह करीब पांच बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया।

---

**नक्सली हमले में घायल होने के बावजूद नहीं मानी हार**

ग्रामीणों के अनुसार, नक्सली हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी मजबूल अंसारी ने हिम्मत नहीं हारी। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बावजूद उन्होंने पुलिस सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन जारी रखा। उनके सहकर्मियों और ग्रामीणों ने उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

**पूर्व प्रधान के पुत्र थे मजबूल अंसारी**

मजबूल अंसारी मधुबन के पूर्व प्रधान स्वर्गीय आजाद मियां के पुत्र थे। उनके परिवार में मां, पत्नी, एक पुत्री और दो पुत्र हैं। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

---

**सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई**

रविवार को मधुबन गांव से जब उनकी अंतिम यात्रा निकली तो उसमें सैकड़ों ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित शामिल हुए। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा गांव शोक में डूबा रहा। ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

## दुमका : कोल टेस्टिंग बोरिंग से उबाल, किसानों ने कहा- जल, जंगल और जमीन से नहीं होगा समझौता

### आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** शिकारीपाड़ा प्रखंड के बांसपहाड़ी हटिया मैदान में सोमवार को कोल टेस्टिंग बोरिंग के विरोध और अखिल भारतीय किसान महासभा के सदस्यता अभियान को लेकर भाकपा-माले जिला कमेटी की ओर से बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बांसपहाड़ी, बांकीजोर और हीरापुर पंचायत के बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, मजदूर और रैयत शामिल हुए। इस दौरान कोल टेस्टिंग बोरिंग बंद करने, जल-जंगल-जमीन की रक्षा करने तथा आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी की। बैठक की अध्यक्षता सोनोत मुर्मू ने की, जबकि संचालन सागेन मुर्मू ने किया। बैठक में नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पिछले कई महीनों से ग्रामीणों की सहमति के बिना कोल टेस्टिंग बोरिंग करायी जा रही है। इसका विरोध करने वाले ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि आंदोलनकारी रायमुनी सोरेन पिछले तीन महीने से जेल में बंद हैं। नेताओं ने जिला प्रशासन से कोल टेस्टिंग के कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहमति और अधिकारों की अनदेखी कर किसी भी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जायेगी। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों की जमीन जबरन अधिग्रहण करने की कोशिश की गयी तो इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन किया जायेगा। नेताओं ने कहा कि जल, जंगल और जमीन सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका, संस्कृति और पहचान से जुड़ा सवाल है। इसके संरक्षण के लिए किसान महासभा ग्रामीणों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

बैठक में ग्राम प्रधान सोनत मुर्मू, मितन मरांडी, मंगल मुर्मू, बुद्धय किस्कू, खाते मुर्मू, पिंटू बास्की, सुरेश मुर्मू, रामेश्वर टुडू, संन्यासी हेंब्रम, सुतीलाल बास्की, बरीस हेंब्रम, मीकू टुडू, माकू हांसदा, आरती हांसदा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686